हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 11.06.2024 • वर्ष : 14 • अंक : 318 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## तीसरी बार पीएम बनते ही बोले मोदी, मैं सत्ता के लिए पैदा नहीं हुआ

एजेंसी

**नई दिल्ली :** तीसरी बार देश का पीएम बनते ही नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं सत्ता के लिए पैदा नहीं हुआ। साथ ही उन्होंने कहा, हमने जनता की नजरों में पीएमओ की छवि को बदला है। प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद पीएमओ के अधिकारियों को अपने पहले संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, 10 साल पहले हमारे देश में छवि यह थी कि पीएमओ एक पावर सेंटर है। एक बहुत बड़ा पावर सेंटर। मैं सत्ता के लिए पैदा नहीं हुआ हूं। मैं सत्ता हासिल करने के बारे में नहीं सोचता। मेरे लिए, यह न तो मेरी इच्छा है और न ही मेरा रास्ता है कि पीएमओ एक पावर सेंटर बने। 2014 से हमने जो कदम उठाए हैं, हमने इसे एक प्रेरक संस्था के रूप में विकसित करने की कोशिश की है। पीएमओ को लोगों का पीएमओ होना चाहिए। इसे मोदी का पीएमओ नहीं कहा जा सकता।

**सफलता का राज बताया**



पीएमओ के अधिकारियों को अपने पहले संबोधन में पीएम मोदी

ने कहा, सफल व्यक्ति वह होता है जिसके भीतर का विद्यार्थी कभी नहीं मरता। इस चुनाव में कई लोगों ने मुझसे यह प्रश्न पूछा है और पिछले 30 वर्षों से लोग मुझसे पूछते हैं कि मेरे अंदर इतनी ऊर्जा कहां से आती है। मेरी ऊर्जा का रहस्य यह है कि मैं अपने भीतर के विद्यार्थी को हमेशा जीवित रखता हूं। जो व्यक्ति अपने भीतर के विद्यार्थी को जीवित रखता है वह कभी शक्तिहीन नहीं होता। कभी कमजोर नहीं होता और कभी आलसी नहीं होता। वह हमेशा ऊर्जा से भरा रहता है।

तीन अहम चीजों के बारे में बताया पीएम मोदी ने आगे कहा, जब हम काम करते हैं, तो 3 चीजें बहुत आवश्यक होती हैं। अगर ये 3 चीजें हमारे पास हैं, तो मैं नहीं मानता कि कहीं भी असफलता देखने को मिलेगी। ये तीन चीजें हैं, विचारों की स्पष्टता, दृढ विश्वास और काम करने वाली स्प्रीट। जहां तक सरकार का सवाल है, मैं मानता हूं कि कोई भ्रम नहीं है। हमें पता है कि उसे इस रास्ते पर जाना है और इसे हासिल करना है। विचारों की ऐसी स्पष्टता किसी भी काम की सफलता के लिए पहली आवश्यकता है। इसके बाद दृढ़ विश्वास। मैं जो भी सुन रहा हूं, जो भी मुझे बताया जा रहा है, मुझे उस पर अविश्वास नहीं होना चाहिए। मुझे अपने व्यक्तित्व को इस तरह से ढालना है। मुझे अपने समय का अधिकतम उपयोग करने के लिए खुद को समर्पित करना है।

## एक नजर

### नौकरानी ने चुराए 75 लाख के सोने के बिस्किट, गिरफ्तार

**कानपुर :** चकेरी थाने के पुलिस ने दो जून को हुई लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए सोमवार को एक युवती को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस टीम ने लगभग 75 लाख के सोने के बिस्किट बरामद किए। पकड़ी गई युवती गृहस्वामी के घर घरेलू नौकर है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित युवती चकेरी थाना क्षेत्र के चंद्र नगर खलवा गांव निवासी मानसी विश्वकर्मा है। वह चकेरी के काली बाड़ी हरजेन्द्र नगर लाल बंगला निवासी विपिन सिंह के घर घरेलू नौकर का काम करती थी। उसके कब्जे से पुलिस टीम ने 958 ग्राम सोने के बिस्किट बरामद किए, जिसकी कीमत लगभग 75 लाख रुपये हैं। पूछताछ में मानसी ने स्वीकार किया कि 02 जून को विपिन सिंह के घर से चोरी किया था और उसे मालूम था कि परिवार के लोग घर पर नहीं है। इस संबंध में गृहस्वामी ने 02 जून को चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक चकेरी अनिल कुमार पांडेय खुलासे के लिए लगातार अपनी टीम के साथ लगे हुए थे और आज मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### आदित्य एल-1 के उपकरणों ने की सूर्य गतिविधियों को कैद, भेजी तस्वीरें

**नई दिल्ली :** आदित्य-एल1 मिशन ने एक और कामयाबी हासिल की है। मिशन के एसयूआईटी और वीईएलसी उपकरणों ने मई के दौरान सूर्य की गतिशील गतिविधियों को कैद किया है। सोमवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आदित्य एल वन की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि कोरोनल मास इजेक्शन से जुड़ी कई एक्स-क्लास और एम-क्लास फ्लेयर्स दर्ज की गईं, जिससे महत्वपूर्ण भू-चुंबकीय तूफान पैदा हुए। उल्लेखनीय है कि भारत का पहला सोलर मिशन ह्यआदित्य एल 1 छह जनवरी को एल 1 पॉइंट की हेलो ऑर्बिट पर पहुंचा दिया गया था। यान को पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के 'लैग्रेंज प्वाइंट 1' (एल 1) के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया गया है। इस मिशन को पिछले साल 2 सितंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया था।

### सोनिया गांधी ने शेख हसीना के साथ की मुलाकात

**नई दिल्ली :** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आज बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। यह जानकारी कांग्रेस ने ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। शेख हसीना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार को दिल्ली पहुंची थीं। इसके बाद रविवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया।

## मोदी कैबिनेट का पहला फैसला, ग्रामीण और शहरी इलाकों में बनेंगे तीन करोड़ आवास

### पीएम बनते ही एक्शन मोड में मोदी, सबसे पहले किसानों को दिया 20,000 करोड़ का तोहफा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर कैबिनेट की पहली बैठक हुई। इस बैठक में मोदी कैबिनेट ने बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी इलाकों में 3 करोड़ अतिरिक्त आवास बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अभी तक इस योजना के तहत 4।21 करोड़ आवास बन चुके हैं। कैबिनेट की बैठक में अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा समेत मोदी कैबिनेट के 30 मंत्री मौजूद रहे। तीन करोड़ घरों में होंगी सभी बुनियादी सुविधाएं प्रस्तावित 3 करोड़ नये घरों में सभी बुनियादी सुविधाएं होंगी। 2015-16 से भारत सरकार प्रधानमंत्री आवास



योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पात्र परिवारों को आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित घर बनाने में सहायता कर रही है। पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री आवास आवास योजनाओं के तहत वंचित परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर पूरे किए गए हैं। तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने की अपनी पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए. इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। पीएम किसान सम्मान निधि की फाइल पर साइन किए ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पद संभालने के बाद जिस पहली फाइल पर साइन किया है वह पीएम किसान सम्मान निधि योजना की फाइल है। उन्होंने 17वीं किस्त की रकम जारी करने के लिए हस्ताक्षर कर दिए हैं। प्रधानमंत्री ने फाइल पर साइन करने के बाद कहा कि नई सरकार का पहला फैसला किसान कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

**पीएम ने कहा – हम किसानों के लिए और काम करना चाहते हैं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालने पर हस्ताक्षरित पहली फाइल किसान कल्याण से संबंधित है। उन्होंने कहा कि हम आने वाले समय में किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करना चाहते हैं।

## गांडेय से निर्वाचित कल्पना सोरेन ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सोमवार को विधानसभा के सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनी गई हैं। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की मौजूदगी में स्पीकर कक्ष में कल्पना सोरेन को शपथ दिलाई। कल्पना सोरेन गांडेय उपचुनाव जीत कर पहली बार विधायक बनी हैं। लोकसभा चुनाव के साथ हुए गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में कल्पना सोरेन ने इंडी गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी के रूप में झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ा था। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा को मात दी थी। उल्लेखनीय है कि झामुमो विधायक सरफराज गांडेय से विधायक थे। हेमंत सोरेन से जब ईडी पूछताछ कर रही थी तभी ऐसी आशंका थी कि हेमंत की गिरफ्तारी हो सकती है। ऐसी स्थति में राज्य और पार्टी के अंदर उथल-पुथल न हो और कल्पना मुख्यमंत्री पद की बागडोर संभाल सके, इसलिए गांडेय विधानसभा सीट को खाली कराया गया। क्योंकि, गांडेय झामुमो के लिए सुरक्षित सीट मानी जाती है।

## मोदी सरकार प्रेशर में, टीडीपी ने फिर मांगा स्पीकर का पद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी ने नरेंद्र मोदी सरकार में एक बार फिर से लोकसभा में स्पीकर का पद मांगा है। साथ ही पार्टी ने कहा है कि वो मोदी सरकार को बाहर से समर्थन देगी और उनके नेता को एनडीए का संयोजक पद भी चाहिए। बता दें कि टीडीपी के लोकसभा में 16 सांसद हैं। इस लिहाज से पीएम को एनडीए की सरकार चलाने के लिए टीडीपी का समर्थन जरूरी रूप से चाहिए। इस बीच खबरें ये भी आ रही हैं कि नायडू ने वाजपेयी सरकार की तर्ज पर स्पीकर और एनडीए का संयोजक पद की मांग की है। साथ ही पार्टी ने कहा है कि वो मोदी सरकार को बाहर से समर्थन देगी। टीडीपी की ओर से कहा गया है कि अगर उसे स्पीकर का पद नहीं मिलता है तो मोदी कैबिनेट में उसे कुछ महत्वपूर्ण मंत्रालय मिलने चाहिए। हालांकि ये कौन से मंत्रालय होंगे, इस बारे में टीडीपी की ओर से कुछ नहीं कहा गया है। बता दें कि कल यानी 9 जून को मोदी कैबिनेट की शपथ ग्रहण से पहले भी टीडीपी की ओर से स्पीकर पद की मांग की गयी थी। ये भी बतातें चलें कि स्पीकर का पद लोकसभा सर्वाधिक अहम पद माना जाता है। समर्थन वापस लेने की स्थिति में और अविश्वास प्रस्ताव लाने की स्थिति में स्पीकर का पद बेहद अहम हो जाता है। टीडीपी इसीलिए स्पीकर का पद चाहती है। आप नेता संजय सिंह ने क्या कहा- इधर, आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि टीडीपी ने बहुत समझदारी का फैसला किया है। अगर स्पीकर बीजेपी का होगा तो पार्टियाँ तोड़ी जायेंगी। सांसद सस्पेंड किए जाएंगे और संविधान की धज्जियां उड़ाई जायेंगी। कहा, अगर बीजेपी समर्थन नहीं देती तो इंडिया गठबंधन को टीडीपी के स्पीकर का समर्थन करने पर विचार करना चाहिए। बहरहाल इस बाबत खबर लिखे जाने तक बीजेपी की ओर से कोई बयान नहीं दिया गया है।

### अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा को राज्यसभा में भेजकर केंद्रीय राज्यमंत्री बनाने की मांग



**मुंबई :** राकांपा (अजीत पवार) गुट ने सोमवार को अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा को राज्यसभा का सदस्य बना कर केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने की मांग की है। राकांपा के पदाधिकारी दीपक मानकर और प्रदीप देशमुख ने राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार को इस बारे में सोमवार को पत्र लिखा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की स्थापना को सोमवार को 25 साल पूरा हो गया है। इसी उपलक्ष्य में पुणे में आज राकांपा (अजीत पवार) गुट की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कार्यक्रम में पुणे शहर अध्यक्ष दीपक मानकर, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप देशमुख ने सुनेत्रा को राज्यसभा में भेजने और इसके बाद उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने का प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद इन दोनों ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को इस संबंध में अलग से पत्र भी दिया है। लोकसभा चुनाव में राकांपा (अजीत पवार) गुट के इकलौते उम्मीदवार सुनील तटकरे सांसद बने हैं। एनडीए गठबंधन की ओर से राकांपा (अजीत पवार) को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिए जाने का निर्णय लिया था, लेकिन राकांपा ने कैबिनेट मंत्री की मांग करते हुए राज्यमंत्री पद नहीं लिया था। अजीत पवार ने कहा था कि उनकी पार्टी पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल को कैबिनेट मंत्री बनाना चाहती है। इसका कारण वे कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं, इसलिए वे राज्यमंत्री नहीं बनना चाहते हैं। अजीत पवार ने कहा कि भले ही उन्हें मंत्री पद बाद में दें।

## मोदी कैबिनेट के विभागों का हुआ बटवारा, अन्नपूर्ण देवी को महिला एवं बाल विकास तथा संजय सेठ को रक्षा राज्य

एजेंसी

**नई दिल्ली : मोदी** सरकार के विभागों का बंटवारा सोमवार शाम 6:30 बजे किया गया। अमित शाह को फिर से गृह मंत्री, राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री, नितिन गडकरी को सड़क परिवहन मंत्री बनाया गया है। एस जयशंकर के पास विदेश मंत्रालय ही रहेगा। शिवराज सिंह को कृषि मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग दिया गया है। नितिन गडकरी के साथ दो राज्य मंत्री रहेंगे। अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा को सड़क परिवहन राज्य मंत्री बनाया गया है। शपथ ग्रहण के 23:30 घंटे बाद विभागों का बंटवारा हुआ। इससे पहले विभागों का बंटवारा करने में 2019 में 18 घंटे और 2014 में 15.30 घंटे लगे थे। रविवार को मोदी के साथ 71 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें 30 कैबिनेट मिनिस्टर और 5 स्वतंत्र प्रभार मंत्री और 36 राज्य मंत्री हैं।

> मोदी कैबिनेट में शाह राजनाथ, गडकरी के मंत्रालय रिपीट जयशंकर विदेश मंत्री शिवराज को कृषि और मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग मिला

**कैबिनेट मंत्रियों को मिले ये विभाग**

राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री, अमित शाह गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री, नितिन जयराम गडकरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, जेपी नड्डा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और रसायन और उर्वरक मंत्री, शिवराज सिंह चौहान कृषि और किसान कल्याण मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री, निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री, डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर विदेश मंत्री, मनोहर लाल आवास और शहरी मामलों के मंत्री और बिजली मंत्री, एच. डी. कुमारस्वामी भारी उद्योग मंत्री और इस्पात मंत्री, पीयूष गोयल वाणिज्य और उद्योग मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा मंत्री, जीतन राम मांझी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पंचायती राज मंत्री तथा मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री, सबार्नंद सोनोवाल- बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री, डॉ. वीरेंद्र कुमार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, किंजरापु राममोहन नायडू नागरिक उड्डयन मंत्री, प्रल्हाद जोशी उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, जुएल ओराम जनजातीय मामले मंत्री, गिरिराज सिंह वस्त्र मंत्री, अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री, भूपेंद्र यादव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, गजेंद्र सिंह शेखावत संस्कृति मंत्री तथा पर्यटन मंत्री, अन्नपूर्णा देवी महिला एवं बाल विकास मंत्री,किरेन रिजिजू संसदीय कार्य मंत्री तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, हरदीप सिंह पुरी- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, डॉ. मनसुख मंडाविया श्रम और रोजगार मंत्री और युवा मामले और खेल मंत्री, जी. किशन रेड्डी कोयला मंत्री और खान मंत्री, चिराग पासवान खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, सी. आर. पाटिल- जल शक्ति मंत्री।





**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) को मिले ये विभाग**

राव इंद्रजीत सिंह सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री, डॉ. जितेन्द्र सिंह- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री तथा अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री, अर्जुन राम मेघवाल- कानून एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री, जाधव प्रतापराव गणपतराव- आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री, जयंत चौधरी- कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री।

**राज्य मंत्रियों को मिले ये विभाग**

जितिन प्रसाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्रीपद येसो नाइक ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री, पंकज चौधरी वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री, कृष्ण पाल सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री, रामदास अठावले- मंत्रालय में राज्य मंत्री, राम नाथ ठाकुर कृषि और किसान कल्याण, नित्यानंद राय गृह मंत्रालय, अनुप्रिया पटेल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और रसायन और उर्वरक,वी. सोमन्ना जलशक्ति और रेलवे, डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी ग्रामीण विकास और संचार, प्रो. एस.पी. सिंह बघेल मत्स्य पालन, पशुपालन डेयरी और पंचायती राज, सोभा करंदलाजे सूक्ष्म, लघु और मध्यम की उद्योग और श्रम एवं रोजगार, कीर्तिवर्धन सिंह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन और विदेश, बी.एल.वर्मा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण, शांतनु ठाकुर बंदरगाहों, नौवहन और जलमार्ग, सुरेश गोपी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैसऔर पर्यटन, डॉ. एल. मुरुगन सूचना एवं प्रसारण और संसदीय मामलों,अजय टम्टा सड़क परिवहन और राजमार्ग, बंदी संजय कुमार गृह मंत्रालय, कमलेश पासवान ग्रामीण विकास,भागीरथ चौधरी कृषि और किसानों कल्याण, सतीश चंद्र दुबे कोयला और खान, संजय सेठ रक्षा, रवनीत सिंह खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों और रेलवे, दुगार्दास उइके जनजातीय मामले, रक्षा निखिल खडसे युवा मामले और खेल विभाग, सुकांत मजूमदार पढाई और पूर्वोत्तर के विकास, सावित्री ठाकुर महिला और बाल विकास, तोखन साहू आवास और शहरी मामले,राज भूषण चौधरी जल शक्ति, भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा भारी उद्योगों और इस्पात, हर्ष मल्होत्रा कॉर्पोरेट मामले और सड़क परिवहन और राजमार्ग, निमुबेन जयंतीभाई बंभनिया उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, मुरलीधर मोहोल सहकारिता और नागरिक उड्डयन, जॉर्ज कुरियन अल्पसंख्यक और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी, पबित्रा मार्गेरिटा विदेश और कपड़ा।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता तथा जल जीवन मिशन की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** पेयजल एवं स्वच्छता तथा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। सोमवार को समाहरणालय सभागार में हुई समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने हर घर जल, चापानलो की अद्यतन स्थिति, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग अंतर्गत साधारण मरम्मती कर चालू किए गए ड्रिल्ड नलकूपों की स्थिति, विद्यालयों और आंगनवाडी केंद्रों में पानी की आपूर्ति की स्थिति, जिला योजना अनाबद्ध निधि द्वारा डीप बोरिंग का निर्माण कार्य की स्थिति आदि की समीक्षा की। उपायुक्त ने नल जल योजना व अन्य पेयजल संबंधी योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए माह वार, प्रखंड वार तथा ग्राम वार माइक्रो प्लान के साथ कार्ययोजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता ने बताया की 344632 घरों को नल जल योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरुद्ध 58.88 प्रतिशत घरों में नल का कनेक्शन किया जा चुका है। इस पर उपायुक्त ने नल जल योजना के द्वारा पेयजल आपूर्ति की नियमित निगरानी रखने को कहा तथा शेष छूटे घरों में कनेक्शन कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कॉन्ट्रैक्टर बेहतर कार्ययोजना बनाकर बैठक करें। गर्मी के मद्देनजर खराब पड़े चापानलों के मरम्मती कार्य में ढुलमूल रवैया न रखें उन्होंने कहा छोटे मोटे मरम्मती कार्य मुखिया 14वें वित्त के माध्यम से भी करा सकते है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि 01.03.24 से 09.06.24 तक कुल 1900 चापानलों को मरम्मती कर क्रियाशील किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि रोजाना दैनिक अखबार में पेयजल से संबंधित खबरें प्रकाशित होती है,इसके लिए किसी आदेश का इंतजार न करें बल्कि खुद संवेदनशील होकर तत्परता से तत्संबंधी शिकायत या समस्या का निराकरण करने पर ध्यान केंद्रित करें। पेयजल समस्या के निराकरण के लिए ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेकर कार्य करने का निर्देश दिया। प्रत्येक पंचायतों में लगेंगे ट्यूबबेल कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पेयजल समस्या से निजात पाने के लिए प्रत्येक पंचायतों में दस दस ट्यूबबेल लगाए जायेंगे। उपायुक्त ने विद्यालयों एवं आंगनवाडी केंद्रों में भी पाइप वाटर सप्लाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग के स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है जिसका दूरभाष संख्या 06546 262291 है इस नंबर पर संपर्क कर पेयजल से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती हैं। इस बैठक में उपायुक्त ने पेयजल से संबंधित कार्यों को गंभीरता से लेने को कहा तथा प्रखंड पर सभी संबंधितों को क्रियाशील रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बरंगे मौजूद थे।

## एक नजर

### राज्य सरकार के नियम की खुलेआम हो रही अवहेलना : अभिषेक राज

**मेदिनीनगर (पलामू) :** 6 जून को राज्य सरकार से मिली गाइडलाइन के आलोक में यह निर्देश दिया गया था की जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूल-कॉलेजों में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक के लिए जागरुकता अभियान चलाया जायेगा। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निदेर्शानुसारअनुमण्डलदण्डाधिकारी, सदर, मेदिनीनगर अनुराग कुमार तिवारी के द्वारा युवाओं को नशे की लत से बचाने और पलामू जिले के स्कूलों समेत सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू किया गया था । यह निषेधाज्ञा दिनांक सात जून के पूर्वाह्न 06 बजे से अगले 60 दिनों तक के लिए प्रभावी किया गया था। मगर सहर के विभिन्न विद्यालयों से 100 गज के अंदर कई शराब दुकाने संचालित हो रही है जिसपर जिला प्रशासन मौन है । उदहारण के तौर पर ब्राह्मण उच्च विद्यालय , साहित्य समाज चौक के बिलकुल बगल में सरकारी शराब दुकान और हरिजन विद्यालय पुलिस लाइन रोड के बगल में ही शराब दुकान । आज भी शराब दुकाने पहले की तरह ही संचालित हो रही है क्योंकि वो सरकारी दुकानें है इससे सरकार की तीजोरी भरी जा रही है। झामुमो - कांग्रेस की सरकार सिर्फ और सिर्फ दिखावे के लिए जुमले करती है ताकि बाद मे झूठ का अपनी छाती पिट सके मगर असलियत हमेशा इसके विपरीत ही इन साढ़े चार सालो में रहा है ।

### छतरपुर में पार्क निर्माण को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**छतरपुर(पलामू):** छतरपुर नगर क्षेत्र में पार्क निर्माण को लेकर झारखंड सरकार नगर विकास विभाग के सचिव को ज्ञापन छतरपुर के समाजसेवी गांधी कुमार ने सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन में बताया गया कि छतरपुर नगर क्षेत्र में नगर पंचायत बनने के बाद एक भी पार्क का निर्माण नहीं हुआ है। क्षेत्र में पार्क का निर्माण होने से नगर क्षेत्र के निवासियों को व्यायाम करने, टहलने और बच्चों के ग्रोथ में सकारात्मक योगदान होगा साथ ही पार्क निर्माण होने से पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। गांधी कुमार ने बताया कि छतरपुर नगर क्षेत्र में पार्क तथा व्यायाम करने की सामग्री लगने से स्थानीय लोगों को व्यायाम करने में आसानी होगी।

### आज से 30 जून तक चलेगा टीवी के खिलाफ अभियान : डीएस

**बरही :** टीबी हारेगा झारखंड जीतेगा। इन्ही संकल्पों के साथ 11 से 30 जून तक अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से सक्रिय टीबी खोज अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अनुमंडलीय अस्पताल के क्षेत्राधीन बरही व पदमा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चलाया जायेगा। इसके लिए 36 सुपरवाईजर की निगरानी में कुल कुल 161 टीम बरही और पदमा प्रखंड के लिए बनाए गए है, जो कुल 34,790 घरों से 2,43,035 लोगो की टीबी जांच कर पता करेगे। अभियान की सफलता को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने टीबी मरीजों के लक्षणों की जानकारी दिया।उन्होंने बताया कि दो हफ्तों से अधिक खांसी रहना, भूख नही लगना, बुखार आना, रात में पसीना आना, वजन कम होना और बलगम में खून आना टीबी मरीजों की मुख्य पहचान है, ऐसे लक्षण दिखाई पड़ने पर उसे तत्काल अस्पताल लाए और टीबी का मुफ्त ईलाज करवाए।सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी की दवा मुफ्त उपलब्ध है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगो से अभियान में निष्ठापूर्वक ऊर्जा लगाकर मरीजों की खोज करें।

# नदी से बालू उठाव पर लगी रोक 15 अक्टूबर तक रहेगा प्रतिबंध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** मौनसून कुछ ही दिनों बाद दस्तक देंगी और बरसात होगी जिससे छोटे-बडी नदियों में बारिश की पानी व बाढ़ आती है एंव जलीय जीवों को संरक्षण व संवर्धन के लिए अनुकूल मौसम रहता है । इसी पर्यावरण प्रभाव को रोकने के लिए इस समय भारत सरकार 10 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल(एनजीटी) लागू रहता है। बता दें कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के समय नदियों से बालू उठाव पर प्रतिबंध रहता है। एनजीटी के प्रभावी होने के दौरान नदियों से बालू उठाना गैर-कानूनी है। वहीं इस समय बालू का उठाव स्टोक यार्ड से चलान सहित कर सकतें हैं। लेकिन बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत किसी नदी का टेंडर नहीं होने के कारण चलान उपलब्ध नहीं हो सका। विश्रामपुर में शनिवार बाजार के पास नावाटांड बालू घाट का जेएसएमडीसी को मिला है लेकिन सरकार के द्वारा पेचीदा नियम व सरकारी नियमित स्टाफ सही से उपलब्ध नहीं रहने के कारण बालू उपभोक्ता को चलान उपलब्ध नहीं हो पाता है। फिर भी बड़कागांव प्रखंड के दर्जनों बालू स्टोक यार्ड चल रहा है। और इन स्टोक यार्डो में कहा का चलान दिया जाता है ये भी जांच का विषय है। वहीं सांढ, शिवाडीह, नयाटांड, तलसवार, कोयलंग, सतबहिया, पतरा, सिंगार सरैय, उरेज,उरीमारी इत्यादि जगहों पर बालू स्टोक यार्ड संचालित है। बताते चलें की बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सोनपुरा, सिकरी, चोरका, सिरमा, बादाम, राउतपारा, गोंदलपुरा, उरीमारी, गरसुल्ला, हरली, इत्यादि नदियों से अवैध बालू का उठाव होता है।

# 2 माह में सशक्त बूथ कमेटी गठन करना है उद्देश्य : संजीव बेदिया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन झामुमो कार्यालय उरीमारी में किया गया जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह एवं संचालन पतरातू प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल ने किया मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक बरकट्ठा जानकी यादव उपस्थित हुए श्री बेदिया ने कहा बड़का गांव विधानसभा में जितने भी बूथ है 2 महीने के अंदर गठन कर कमेटी बनाना है जिसमें 5 महिला 15 पुरुष होना अनिवार्य है जानकी यादव ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा एक आंदोलनकारी पार्टी है मौके पर उपस्थित केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी,पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो,पतरातू प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया ,झामुमो नेता सह प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, मुकेश रावत, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र बांडो ,चौपारण प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल सिंह,केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष दिनेश पासवान,सरोज मेहता, इंद्रदेव राम,सुरज वर्मा, घनश्याम महतो,कृष्ण प्रजापति, फलेंद्र गंझु ,चूरामन गंझू ,राजेश हसदा ,मुंद्रिका सिंह , गुलाब राम, अरविंद मेहता, विजय भुइयां रामवृक्ष भुइया, मोती भुइयां, नंदकीशोर भुईयां। ,गणेश राम ,सुनिल राम ,बिनोद यादव,कर्मदेव भुइयां राजेंद्र भुईयां शंकर साव हरिलाल मांझी,रामसागर महतो, रघुवीर दांगी जय शरण कुमार भुवनेश्वर महतो,महावीर महतो , मो हेशाम महेंद्र पासवान सुरेश यादव, दिनेश मुंडा, हरीनाथ मुंडा, संजय करमाली इत्यादि सैकड़ो झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता शामिल हुए।

# 18वीं लोकसभा चुनाव दो ध्रुव के बीच लड़ा गया : केडी सिंह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** जल जंगल जमीन और स्वतंत्रता के महान योद्धा बिरसा मुंडा जिन मूल्यों की खातिर अपनी शहादत दी थी उन मूल्यों की जरूरत को आम जनता इस चुनाव में समझने लगी है। 18वीं लोकसभा के चुनाव में बहुत कुछ नया दिखा। इस चुनाव में जनता की भागीदारी बढ़ी है। इस बार का चुनाव दो ध्रुव के बीच में लड़ा गया। पहले वर्ग के संरक्षक शोषक वर्गों के लोग थे। दूसरा वर्ग के हिमायती शोषित वर्ग के लोग थे। जो राजनीतिक दल इन ध्रुवों से अलग रहा वह समाप्त हो गया। या फिर वह दल हसीए पर चला गया। साथ ही अपनी दकियानुसी विचारों के साथ चुनाव लड़ रहा था वह भी अपने सिर्फ अस्तित्व को बचा पाया। उक्त बातें इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 43वीं कड़ी में बिरसा मुंडा की शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित परिचर्चा की अध्यक्षता कर रहे केडी सिंह ने कही। परिचर्चा का आयोजन 18वीं लोकसभा चुनाव का नयापन और संभावना क्या है विषय पर आयोजित थी। परिचर्चा में सभी वक्ताओं ने बिरसा मुंडा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए 18 में लोकसभा चुनाव के नयापन और संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किया। इप्टापलामू के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा इस चुनाव में पर्चा, पोस्टर, हो हो पो पो नहीं दिखा। यह चुनाव सोशल मीडिया के द्वारा लड़ा गया। एक ही लोकसभा क्षेत्र में दो दो बार प्रधानमंत्री का भाषण होना भी कुछ संदेश दे रहा था।

# गौतम ने जेईई एडवांस में 3579 रैंक लाकर किया हुसैनाबाद का नाम रोशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू):** हुसैनाबाद के गांधी चौक के मोहन कॉम्प्लेक्स में स्थित मुस्कान श्रृंगार के प्रोपराइटरसुनील कुमार के पुत्र गौतम कुमार, रोल नंबर-242063069 ने जेईई एडवांस-2024 में ओबीसी श्रेणी में 3579वां रैंक एवं ऑल इंडिया सामान्य श्रेणी में 14902वां रैंक लाकर हुसैनाबाद समेत पूरे पलामू प्रमंडल का नाम रौशन किया है। मौके पर गौतम कुमार ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी मम्मी सविता देवी, पापा सुनील कुमार शौंडिक, अपने बड़े मम्मी-पापा एवं अपने पूज्य गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि वे इंजीनियर बनकर देश के नवनिर्माण में अपना सराहनीय योगदान देना चाहते हैं। गौतम कुमार की इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं प्रबुद्धजनों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। शुभकामना देने वालों में पलामूजिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, डॉ. एस. के. रवि, गौतम के बड़े पापा वीरेंद्र प्रसाद, बड़ी मम्मी जयंती देवी, बहन मुस्कान, सुनील जी के परम मित्र दिनेश आनंद, संतोष सोनी, संतोष कुमार गुप्ता, मंजय कुमार, विकास गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन, शिक्षक आर्यन सर, राजेश्वर सिंह, जिप सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपीमेहता, युवा कांग्रेसी नेता धनंजय कुमार तिवारी, मो. नासिर, मनोज कुमार प्रजापति, संजय सोनी आदि का नाम उल्लेखनीय है। विदित हो कि इससे पहले भी इस परिवार से सुनील कुमार शौंडिक के बड़े भैया वीरेंद्र प्रसाद के पुत्र सिद्धार्थ राज एवं पुत्री श्रेया राज आईआईटी में दंगल मार चुके हैं। गौतम कुमार की इस शानदार उपलब्धि पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन ने कहा कि वे गौतम के साथ-साथ इनके माता-पिता को भी इस सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# मेदिनिराय अस्पताल में गरीब मरीजों के लिए नहीं है कोई सुविधा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू):** मेदिनिराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इन दिनों गरीब मरोजो को अपने इलाज कराने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी दुर्घटना में अपना इलाज कराने मेदिनिराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचता है तो उसका समुचित इलाज हो पाना मुस्किलहै। यदि किसी व्यक्ति का दुर्घटना में हांथ पैर टूट जाए तो बिना पैसा के यहां इलाज हो पाना संभव नहीं है।इसका मुख्य कारण यह है की अस्पताल में हांथ पैर जोड़ने का उपकरण उपलब्ध नहीहै। जिसके कारण गरीब मरीज कर्जा,उधार लेकर बाहर से हांथ पैर जोड़ने वाली उपकरण को मंगवा कर अपनी जिंदगी बचा रहे है। हां यदि कोई पैरवी वाला व्यक्ति अस्पताल में पहुंच जाता है तो अस्पताल प्रबंधक के द्वारा कही से भी पैरवी वाले मरीज के लिए जरूरत की सामान को उबलाध करवा दिया जाता है।परंतु गरीब मरीज बेचारा कही से भी कर्जा,उधार लेकर अपना इलाज करवाने के लिए मजबूर रहता है। बताते चले की अस्पताल के महिला वार्ड में भी नर्शो के द्वारा गर्भवती महिलाओ के परिजनों का इन दिनों खूब शोषण किया जा रहा है। गर्भवतीमहिलाओ के बच्चा जन्म लेने पर वहा पर तैनात नर्शो के द्वारा मुंहमांगा रकम की वसूली की जा रही है। एक गर्भवती महिला के परिजन ने नाम नही छापने के शर्त पर बताया की महिला वार्ड के इर्दगिर्द कई दलाल मंडराते रहते है।अस्पताल से किसी कारण वश गर्भवती महिलाओ को रेफर कर दिया जाए तो ये दलाल निजी क्लीनिक में मरीज को ले जाने की सलाह देते है। बताते चले की इन दलालों की वजह से अभी तक कई मरीजों की जान भी जा चुकी है।कई बार अस्पताल में हंगामा भी हो चुका है। फिर भी दलाली का धंधा मेदिनिराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल से खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कई दलाल तो सुबह 9 बजते ही ऑफिस टाइम से अस्पताल पहुंच जाते है।इनमे महिला और पुरुष दलाल दोनो ही शामिल रहते है। इन दलालों का काम है की अस्पताल पहुंच कर पुर्जी काउंटर के बाहर खड़े रहते है। जैसे ही कोई देहात या नासमझ व्यक्ति इन्हे दिख जाता है। ये दलाल इनसे बड़े ही प्रेम पूर्वक व्यवहार करते है। अपने जाल में फंसाते है। फिर इलाज करवाने के बहाने इनसे मोटी रकम की वसूली करते है। यदि समय रहते जिला प्रशासन और अस्पताल प्रशासन के द्वारा इन दलालों पर नकेल नही कसा गया तो आने वाला समय में मेदिनिराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल दलालों के चंगुल में होगा। और इन दलालों पर नकेल कसना मुस्किल हो जायेगा।


## संक्षिप्त खबरें

### डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन को लेकर स्वास्थ्य शिविर कल



**बड़कागांव :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तहत जिला एन सी डी कोषांग हजारीबाग के अंतर्गत सिविल सर्जन डॉ एसपी सिंह एवं डॉ एस के राजन जिला नोडल पदाधिकारी एनसीडी कोषांग हजारीबाग के नेतृत्व में बड़का गांव स्थित पश्चिमी पंचायत भवन में कल बुधवार सुबह 10 :00 बजे से शाम 4 :00 बजे तक डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन को लेकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि इस शिविर में वैसे व्यक्ति जांच करा सकते हैं, जिनकी उम्र 30 वर्ष से अधिक हो। बार-बार पेशाब आना,अधिक प्यास लगना, अधिक भूख लगना, अचानक वजन कम हो जाना,घाव ठीक नहीं होना, थकान महसूस करना एवं परिवार में माता-पिता को डायबिटीज हो तो वैसे लोग आकर स्वास्थ्य जांच करा ले। जांच के उपरांत चिन्हित मरीजों को निशुल्क दवा दी जाएगी। शिविर में मुख्य रूप से डॉ संजय कुमार राजन, डॉ कुमार रंजन, डीपीए राजकुमार महतो, पुष्पा मिंज, उपेंद्र कुमार दास, मोहम्मद इरफान सहित स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ मौजूद रहेंगे।

### असहाय वृद्ध दंपती परिवार से मिलने पहुंचे प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा



**चौपारण :** चौपारण प्रखंड के बसरिया जागोडीह में एक असहाय निर्धन दंपति परिवार सुखदेव चौधरी अपनी पत्नी बुधनी देवी के साथ भीख मांग कर अपना जीवन बसर कर रहा है। रहने को मिट्टी के घर थी पर कुछ साल पहले घर भी टूट गया। गर्मी बरसात और ठंडा तीनों मौसम में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अपने जीवन को चुनौती देकर रह रहे है यह दंपति। ना इनके पास कोई आधार कार्ड है, ना इनके पास इतनी ताकत है कि भीख मांगने के लिए घूम सके। गरीब दंपति को सहयोग की जरूरत जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई। वैसे ही प्रखंड के सबसे सक्रिय नेता प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा इतनी भीष्म गर्मी में भी दंपति परिवार से मिलने पहुंचे। प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा असहाय के घर पहुंच कर सप्ताह भर में घर मरम्मत करवाने का वादा किया और आर्थिक मदद भी किया एवं सामाजिक लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस दंपति परिवार के सहयोग के लिए लोग आगे आए। राणा ने कहा गरीब असहाय लोगों की मदद करने से ईश्वर की कृपा के साथ ईश्वर को प्रसन्नता भी होती है।

### विधायक प्रतिनिधि मो तैयब ने रसोईया धमना मदरसा में किया पुस्तक वितरण



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना स्थित मदरसा अजीजिया जेयायूल उलूम में सोमवार को बच्चो के बीच पुस्तक वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सह स्थानीय पंचायत समिति सदस्य मो तैयब अंसारी समेत अन्य लोगों द्वारा सभी बच्चो के बीच पुस्तक का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सह स्थानीय पंचायत समिति सदस्य मो तैयब अंसारी ने कहा की बच्चो को बेहतर शिक्षा के लिए पुस्तक जरूरी है, राज्य सरकार के प्रति हम सब आभार व्यक्त करते है कि हमारे बच्चो के लिए समय समय पर पुस्तक उपलब्ध कराया जाता है, जिससे बच्चो एवं अभिभावकों को सहूलियत होती है। मौके पर सेवानिवृत प्रधान मौलवी मो इसलाम, सेक्रेटरी मो मुमताज अंसारी, वार्ड सदस्य शमशाद अंसारी, मुमताज वारसी, प्रधान मौलवी मो अख्तर, स. शि. सरफराज अहमद, गुलाम सरवर, मो इलियास अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### एनपीयू होगा आधुनिक सुविधाओं से लैस हो चुकी है तैयारी




**मेदिनीनगर (पलामू) :** देश भर में शिक्षा के मामले में इंफ्रास्ट्रक्चर को भी डेवलप किया जा रहा है। वहीं झारखंड में भी पीएम उषा योजना के तहत तीन विश्विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने को लेकर योजना का लाभ दिया गया है। पलामू जिले में संचालित नीलांबरपितांबरविश्विद्यालय में लगातार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए काम किया जा रहा है। एक ओर जहां सेंट्रल लाइब्रेरी, पीजीब्लॉक बनकर तैयार है. वहीं अब नीलांबरपितांबरविश्विद्यालय का नए एग्जामिनेशनब्लॉक बनाने के तैयारी चल रही है। सरकार की योजना से मिले लाभ से इसका निर्माण कराया जायेगा। नीलांबरपितांबरविश्विद्यालय के रजिस्टारडॉ.मृत्युंजय कुमार ने मीडिया को बताया की निलांबरपितांबरविश्विद्यालय में नया एग्जामिनेशनब्लॉक बनाने की तैयारी है। इसके लिए नगर निगम द्वारा डीपीआर तैयार किया जा रहा है। यह एग्जामिनेशनब्लॉक 20 करोड़ की लागत तैयार किया जाएगा। जहां परीक्षा से जुड़े सभी काम होंगे। उन्होंने बताया की नीलांबरपितांबरविश्विद्यालय में भव्य एग्जामिनेशनब्लॉक बनने के बाद विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस एग्जामिनेशनब्लॉक देखने को मिलेगा। यहां विद्यार्थियों के परीक्षा से जुड़े सभी काम आसानी से हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना से नीलांबरपितांबरविश्विद्यालय को 20 करोड़ मिले है। वितीय वर्ष 2023 24 में पीएम उषा योजना के तहत झारखंड के तीन विश्विद्यालय को चयनित कर पीएम उषा योजना का लाभ दिया गया है। जिसमें पलामू में संचालित नीलांबरपितांबरविश्विद्यालय भी है। यह योजना विश्विद्यालय के परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में विकसित करने को लेकर किया गया है। जिसके तहत नीलांबरपितांबरविश्विद्यालय के लिए 20 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है।

# झारखंड को कम से कम एक कैबिनेट और एक राज्यमंत्री और मिलना चाहिये था : सुप्रियो भट्टाचार्य


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** जेएमएम महासचिव और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आज प्रेस वार्ता कर कहा कि झारखंड को कम से कम एक कैबिनेट और एक राज्यमंत्री और मिलना चाहिये था। कहा, सरना धर्म कोड, जातीय जनगणना, पिछड़ा वर्ग को 27 फीसद आरक्षण लागू करने के लिए झारखंड के सांसदों को मोदी कैबिनेट में और अधिक हिस्सेदारी मिलनी चाहिये थी। लेकिन नही मिली। सुप्रीयो ने कहा, एक कैबिनेट सिर्फ अन्नपूर्णा देवी को मिला। कहा, वो हमारे संताल की बेटी हैं। कोडरमा की बहू हैं। इसके लिए बहुत बधाई। लेकिन उनको कोई भी दलित सांसद यहां से नहीं मिला जो झारखंड की माटी से जुड़ा हो। कहा, कई सीनियर नेता झारखंड से चुनकर लोकसभा सांसद बने हैं। सबको बीजेपी ने दरकिनकार कर दिया। क्योंकि सभी झारखंड से जुडे हुए लोग थे। मूलवासी थे। उनके पूर्वज मूलवासी थे। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, आपने ऐसे व्यक्ति को मंत्री बनाया जिसने बंद पड़े एचईसी पर 5 साल में एक सवाल भी संसद में नहीं उठाया। एक सांसद वाले सहयोगी को कैबिनेट मंत्री बना दिया । सुप्रियो ने आगे कहा, हजारों श्रमिकों का खून पीने वाली जो नीतियां थीं केंद्र सरकार की, उसकी हिमाकत जो सांसद करते रहे, आपने उनको राज्य मंत्री का प्रभार दे दिया। कहा, अजीब विडंबना है। अपने एक-एक सदस्य वाले सहयोगी को कैबिनेट मंत्रालय दिया है। लेकिन यहां जो आपका सहयोगी संगठन है, उसको अंगूठा दिखाने का काम किया। अब ये लोग उनके पीछे-पीछे घूमते रहेंगे। विधानसभा के चुनाव में ऐसे लोग टिकट के लिए अनुनय-विनय करते दिखाई देंगे। अब झारखंड की जनता से वे कैसे बोल पायेंगे कि हमारा कमिटमेंट यहां के आदिवासियों औ? मूलवासियों से जुड़ा हुआ है। उनके सहयोगी पार्टी का सासंद भी 2 बार का सासंद है। भूमिपुत्र है। स्थानीय है। मूलवासी है। लेकिन उनको दरकिनार किया गया। प्रदेश बीजेपी पर किया तंज। जेएमएम महासचिव ने आगे कहा, चुनाव से पहले ये जो कहते थे घुसैठिया- घुसपैठिया, इसी इन्होंने खुद ही चरितार्थ करके दिखा दिया। कहा, फिर भी अब इनका पहला काम होना चाहिए, एचईसी का रिवाइवल। सरना धर्म कोड की गारंटी। पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण और श्रम कानून की 44 थाराओं में संशोधन।

## शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू बेचने वाले दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** स्कूल-कॉलेज से 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले दुकानों को हटाया जायेगा। ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई भी की जायेगी। राज्य सरकार ने मादक पदार्थो की रोकथाम के लिए सभी उपायुक्तों को निर्देश जारी किया है। गृह सचिव वंदना दादेल ने इस बाबत सभी जिलों के डीसी को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया है कि वे अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित करके इस संबंध में कार्रवाई प्रारंभ करायें। स्कूल-कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू की बिक्री करने वाले दुकानदारों को चिह्नित करें। राज्य सरकार ने स्कूली शिक्षा विभाग को जागरुकता कार्यक्रम चलाने के लिए लोगों भी चिह्नित करने को कहा है। इसके अलावा मादक पदर्थों का सेवन नहीं करने और इसके दुष्परिणाम से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए 14 जून से सभी स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम चलाया जायेगा। 14 और 15 जून को स्कूल स्तर पर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 18 और 19 जून को स्कूलों में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, 20 जून को निबंध प्रतियोगिता, 22 जून को प्रभात फेरी, स्लोगन राइटिंग, स्पीच प्रतियोगिता इत्यादि आयोजित होगी। 24 जून को साइकिल रैली और 25 जून को जिला के पदाधिकारियों का स्कूलों में भ्रमण किया जायेगा। 26 जून को ड्रग्स के विरुद्ध अभियान के लिए इंटरनेशनल दिवस मनाया जायेगा।

## मुख्यमंत्री से शिल्पी नेहा ने विकास कार्यों में तेजी लाने का किया आग्रह


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से अबुआ आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए बालू की किल्लत को दूर करने की मांग की। साथ ही कहा कि इसके लिए बालू घाटों की बंदोबस्ती बहुत जरूरी है। शिल्पी ने मुख्यमंत्री से कहा कि अगले कुछेक महीनों में ही झारखंड में विधानसभा चुनाव होने वाला है और अब एक प्रकार से विकास कार्यों से सम्बंधित सरकारी गतिविधियों के लिए केवल तीन-चार महीने का ही समय बचा है। उन्होंने अनुरोध किया कि जिस प्रकार से मांडर की जनता ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी का दिल खोलकर समर्थन किया उसे देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि विकास व कल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों को तेज गति से लाभान्वित किया जाये। इसपर मुख्यमंत्री सोरेन ने अविलंब सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। शिल्पी ने कहा कि सरकार विकास के प्रति पूरी तरह समर्पित है लेकिन लंबे समय से आचार संहिता लगे होने के कारण झारखंड में विकास कार्य शिथिल पर गये थे। अब सरकार विकास कार्यों में गति लाकर आम लोगों की आकांक्षाओं को तेजी से पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंद व आकांक्षी ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाया। इसलिए भी जरूरी है कि आम ग्रामीण बहुत विश्वास भरी नजरों से सरकार की ओर देख रहे हैं। उन्हें विशेष रूप से मुख्यमंत्री पर बहुत अधिक भरोसा है।

झारखंड हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा-

## ड्रग्स कारोबार की रोकथाम के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे?

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में ड्रग्स (मादक पदार्थ) के कारोबार में राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य जिलों में धड़ल्ले से अफीम, चरस, गांजा आदि बिक्री पर कोर्ट के स्वत संज्ञान की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से विस्तृत जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि राज्य में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं? कोर्ट ने मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से भी जवाब मांगा है। इससे पूर्व मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया था लेकिन कोर्ट ने सरकार को कई अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी देते हुए शपथ पत्र देने को कहा है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि पुलिसकर्मी मादक पदार्थों की बिक्री करने वाली दुकानों को सुबह तीन बजे तक खुले रहने देते हैं। मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री पर पुलिस कंट्रोल नहीं कर पा रही है, जो चिंता का विषय है। प्रतीत होता है कि पुलिस की भी इसमें संलिप्तता है। ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोकथाम के लिए पुलिस एक्शन नहीं लेगी तो कोर्ट इसपर हस्तक्षेप करेगी। मामले में अगली सुनवाई 18 जून को होगी। मामले में पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि झारखंड में ड्रग्स के कारोबार में रोकथाम नहीं करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ हाई कोर्ट सख्त आदेश पारित करेगी।

## जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने झारखंड हाई कोर्ट में रखा पक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू के बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सुनवाई चल रही है। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल किया गया है। हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सोमवार को कोर्ट में पक्ष रखा। सिब्बल ने दलील में कहा कि बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन भूइहरि नेचर की है, जिसे ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। इसका मालिकाना हक उनके पास नहीं है और इस पर उनके कब्जे की बात भी गलत है। ईडी के पास इस संबंध कोई दस्तावेज भी नहीं है। यह जमीन विवाद का मामला है, जो सिविल मैटर है, क्रिमिनल मैटर नहीं। उन्होंने कहा कि जमीन पर अवैध कब्जा पीएमएलए में शेड्यूल ऑफेंस में नहीं आता है। सिब्बल ने कोर्ट में कहा कि यह मामला प्रेडिकेट ऑफिस का भी नहीं है। प्रेडिकेट ऑफिस के लिए धन की उत्पत्ति होनी चाहिए थी, जो नहीं हुआ है। ईडी कह रही है कि इस जमीन पर हेमंत सोरेन का कब्जा वर्ष 2009-10 से था लेकिन इस संबंध में उस समय कोई शिकायत या प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी। उनके जमीन पर कब्जे के संबंध में बड़गाई के अंचल अधिकारी राजस्व कर्मचारी एवं कुछ लोगों से ईडी ने एस्टेटमेंट लिया था जबकि 29 जनवरी को जमीन का पजेशन जमीन के ओनर राजकुमार पाहन के पास था। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद हैं। मामले में ईडी ने जांच पूरी करते हुए 30 मार्च को हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसके अलावा जीमेल नेता अंतू तिर्की सहित 10 आरोपितों पर पूरक आरोप पत्र भी बीते दिनों अदालत में दायर हो चुका है। मामले में हेमंत सोरेन सहित 11 आरोपितों की गिरफ्तारी हुई है।

# केंद्रीय कैबिनेट में 12 साल बाद रांची के किसी सांसद को मिली जगह, संजय सेठ बने राज्यमंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ ने रविवार को कैबिनेट मंत्री की शपथ ली। संजय सेठ के शपथ लेने के बाद रांची संसदीय सीट को 12 साल बाद मंत्री पद मिला है। इससे पहले पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय 2012 तक केंद्र में मंत्री रहे थे। संजय सेठ केंद्र में मंत्री बनने वाले रांची के तीसरे सांसद हैं। संजय सट ने राज्य मंत्री के तौर पर शपथ ली है। बता दें कि रांची लोकसभा सीट से सबसे पहले जनता पार्टी के रवींद्र वर्मा ने मोरारजी देसाई मंत्रालय में 1977 से 1979 तक श्रम और संसदीय कार्य मंत्री बने थे। वहीं, कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय भी मंत्री रह चुके हैं। अब संजय सेठ को मंत्री बनाया गया है।

**दो बार जेल जा चुके हैं सेठ**

गौरतलब है कि संजय सेठ खादी बोर्ड के अध्यक्ष और चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। संजय सेठ 1976 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से डीएवी कॉलेज कानपुर में छात्र संघ का चुनाव भी जीत चुके हैं। कानपुर से उन्होंने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट्स इंडस्ट्रियल एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की है। इसके अलावा संजय सेठ लॉ ग्रेजुएट भी हैं। अपनी राजनीतिक यात्रा के दौरान दो बार जेल भी जा चुके हैं। 1992 में लालकृष्ण आडवाणी जिस दिन गिरफ्तार हुए थे, उसी दिन संजय सेठ भी गिरफ्तार हुए थे और 25 दिनों तक रांची केंद्रीय कारावास में रहे थे। इसके अलावा 2013 के जनवरी माह में पार्टी कार्यक्रय के तहत 7 दिन बिरसा मुंडा जेल में रहे थे।

**सुबोधकांत सहाय और उनकी बेटी को हरा चुके हैं संजय सेठ**

रांची से लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए 64 वर्षीय बीजेपी सांसद संजय सेठ ने कांग्रेस की प्रत्याशी और पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को 120512 वोटों के अंतर से हराया है। संजय सेठ को 6,64,732 वोट मिले थे जबकि यशस्विनी को 5,44,220 वोट प्राप्त हुए थे। इसी सीट पर संजय सेठ ने यशस्विनी के पिता सुबोधकांत को 2019 के चुनाव में हराया था। संजय सेठ को 706,828 वोट मिले थे जबकि सहाय को केवल 4,23,802 वोट ही मिल पाए थे।

## एक नजर

### जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला 18 को

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसले की तिथि 18 जून निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने इस केस के अनुसंधानकर्ता को केस डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि जयराम महतो के खिलाफ पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में दर्ज कांड संख्या 48/2022 में वारंट लिया था। इस दिन पुलिस जयराम महतो को गिरफ्तार करने पहुंची थी लेकिन जनसभा का हवाला देकर वे फरार हो गए थे।

### अपहृत कारोबारी अमित गुप्ता सकुशल बरामद, चार गिरफ्तार

**रांची :** कोतवाली थाना क्षेत्र के किशोरगंज चौक के पास से अपहृत कारोबारी अमित गुप्ता को रांची पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। सोमवार को पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र के किशोरगंज चौक के पास रविवार की देर रात प्लाई कारोबारी अमित गुप्ता को अपराधियों ने अगवा कर लिया था। अपराधी अमित गुप्ता को जबरन अपनी कार में बैठा रहे थे, इसी दौरान एक स्थानीय व्यक्ति ने कंट्रोल रूम में डायल 100 पर फोन कर पुलिस को मामले की जानकारी दे दी। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही अपराधी रिंग रोड की तरफ भाग निकले थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत रांची एसएसपी के जरिये पूरे शहर में वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया था। वहीं दूसरी तरफ कोतवाली डीएसपी, कोतवाली थानेदार सहित कई थानों की टीम अपहणकताओं की तलाश में जुट गई थी। घटना के चार घंटे के अंदर पुलिस ने बरामद किया है। इस घटना में संलिप्त सभी अपहरणकताओं को भी पुलिस ने पकड़ा है। इस घटना को अंजाम देने में इस्तेमाल किया गया वाहन को भी पुलिस ने पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपितों में विशाल, काजल, राजीव सिंह और अमरनाथ पांडेय शामिल हैं।

### राज्यसभा चुनाव में वोट के लिए नोट मामले में पत्रकार की हुई गवाही



**रांची :** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को वर्ष 2010 में राज्यसभा चुनाव में वोटिंग करने के लिए पैसे के लेनदेन से संबंधित स्टिंग ऑपरेशन बाहर आने के बाद दर्ज मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट में स्टिंग करने वाले पत्रकार कुमार आशीष की गवाही दर्ज हुई। इस मामले में पूर्व विधायक राजेश रंजन, योगेन्द्र साव और उमाशंकर अकेला ट्रायल फेस कर रहे हैं। सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रियांशु कुमार सिंह ने पत्रकार आशीष कुमार की गवाही दर्ज करवाई। गवाही के दौरान सभी आरोपित कोर्ट में मौजूद थे। वर्ष 2010 में राज्यसभा चुनाव के दौरान एक स्टिंग ऑपरेशन हुआ था। स्टिंग ऑपरेशन की खबरें प्रकाशित होने के बाद सीबीआई ने इस मामले को टेकअप करते हुए जांच शुरू की थी। मामले के टेकलाल महतो, साइमन मरांडी और सावन लकड़ा भी आरोपित थे लेकिन ट्रायल फेस करने के दौरान उनकी मौत हो गयी। इन पर आरोप वोट देने के लिए रुपये लेने का आरोप था।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश कांग्रेस 12 को लोकसभा चुनाव में हुई हार-जीत की करेगी समीक्षा

**रांची :** झारखंड में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में हुई हार और जीत की विस्तृत समीक्षा 12 जून को करेगी। इस बाबत प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने सोमवार को कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में झारखंड में इंडिया गठबंधन को पांच सीटों पर जीत मिली जबकि सात सीटों पर कांग्रेस और अन्य सीटों पर गठबंधन दल के उम्मीदवार थे। इनमें दो सीटों पर कांग्रेस और तीन सीटों पर झामुमो को जीत मिली। सोनाल शांति ने कहा कि पार्टी को झारखंड में आशा अनुरूप परिणाम प्राप्त नहीं हुए। राज्य में इसी वर्ष के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में हुई हार–जीत की पूरी समीक्षा आवश्यक है। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार 12 जून को संगम गार्डन मोराबादी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक बुलाई गई है। समीक्षा बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष, मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी, कोऑर्डिनेटर, अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, अग्रणी संगठन एवं विभाग के अध्यक्ष, चेयरमैन, अध्यक्ष, सदस्य, बोर्ड निगम, आयोग, मीडिया प्रभारी, चेयरमैन, प्रवक्ता, स्टेट सोशल मीडिया चेयरमैन उपस्थित रहेंगे।

### झारखंड हाई कोर्ट से टेरर फंडिंग मामले में टीपीसी नक्सली बीरबल गंझू को मिली जमानत



**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट से चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोयला परियोजना में टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में आरोपित टीपीसी नक्सली बीरबल गंझू की जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने बीरबल गंझू को जमानत प्रदान कर दी। वह साढ़े चार साल से जेल में है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने पैरवी की। एनआईए ने चतरा जिले के टंडवा थाने में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 को टेकओवर किया। अनुसंधान करते हुए 17 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। इसमें खुलासा हुआ कि सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी व शांति समिति के बीच समन्वय से टेरर फंडिंग हो रही थी। तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) को फंड देने की पुष्टि हुई है। टीपीसी को लेवी देने के लिए ही उसने ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली प्रोजेक्ट से कोयला ढुलाई का ठेका लिया था।

### आदिवासी-मूलवासी का विकास नहीं चाहता झामुमो : प्रतुल शाहदेव



**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पर पलटवार करते हुए कहा कि झामुमो की गठबंधन सरकार किसी भी सूरत में यहां के आदिवासी–मूलवासी का विकास नहीं चाहती। साढ़े चार वर्षों में यहां वायदे के अनुसार 22.5 लाख सरकारी नौकरियां होनी चाहिए थी लेकिन ये घोषणा हवा हवाई साबित हुई। प्रतुल शाहदेव ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस सरकार की प्राथमिकता में सिर्फ खुद का विकास है। इसीलिए तमाम लीज सिर्फ सोरेन परिवार के सदस्यों और उनके करीबियों को मिला। आदिवासी मूलवासी अपने आप को इस सरकार में ठगा महसूस कर रहे हैं। अपने घोषणा पत्र में दिए गए एक भी वादे को ये पूरा नहीं कर पाए हैं। खतियान आधारित नियोजन नीति को भी इन्होंने जानबूझकर फंसा दिया। ओबीसी आरक्षण के लिए जरूरी ट्रिपल टेस्ट अभी तक शुरू नहीं हुआ। अबुआ आवास में भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की खबरें आ रही हैं। यह पूरी तरह फ्लॉप सरकार है। प्रतुल ने कहा कि आसन्न विधानसभा चुनाव के कारण झामुमो को आदिवासी मूलवासी की याद आ रही है। झामुने आदिवासी मूलवासी के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही है। भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास है। भाजपा की केंद्रीय कैबिनेट में क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन का विशेष ध्यान दिया गया है। आदिवासी मूलवासी के नाम पर नाटक करने वाली झामुमो को थोड़ा मंत्रीगण मिथलेश ठाकुर और बन्ना गुप्ता के विषय में भी विस्तार से स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। वैसे झामुमो का केडी सिंह, मुक्तिनाथ उपाध्याय और आरके आनंद जैसे लोगों को राज्यसभा भेजने का पुराना रिकॉर्ड रहा है। प्रतुल ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में एनडीए 50 विधानसभा क्षेत्रों में आगे रहा। राज्य के मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष अपने–अपने क्षेत्रों में उम्मीदवार को जीत नहीं दिला सके। यह गठबंधन सत्ता में रहने के बाद भी सिर्फ 29 सीटों पर सिमट गया। इनको 2024 के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के परिणाम की झलक दिख गई है। इसलिए वे बदहवास होकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। अच्छा होता झामुमो अपनी चिंता करता।

### रांची जिले के सभी नदी घाटों से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर लगी रोक

**रांची :** रांची जिला अंतर्गत सभी नदी बालू घाटों से आज से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर पूर्णतः रोक रहेगी। इस संबंध में उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने आदेश जारी किया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, ईस्टर्न जोन बेंच, कोलकाता से पारित आदेश एवं केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सस्टेनेबल सैंड माइनिंग मैनेजमेंट गाइडलाइन के आलोक में यह आदेश जारी किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू है। उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी ने जिला खनन टास्क फोर्स के सभी सदस्यों, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, बुंडू एवं जिले के सभी अंचल अधिकारियों को नदी घाटों से बालू का उठाव करते पाए जाने वालों पर नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। इस संबंध में उपायुक्त ने वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची से अपने स्तर से सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया है।

### पीएलएफआई एरिया कमांडर सहित पांच उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार

**रांची :** रांची में विवादित जमीन पर हथियार के बल पर कब्जा दिलाने वाले पीएलएफआई एरिया कमांडर सहित पांच उग्रवादी को नगड़ी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में गुमला निवासी एरिया कमांडर विजय बक्शी उर्फ रोहित बड़ाईक, लापुंग निवासी नीरज पाईक उर्फ छोटू , लापुंग निवासी अनमोल बड़ाईक, गुमला निवासी रोहित सिंह और नगड़ी निवासी काली टोप्पो शामिल है। इनके पास से दो देशी पिस्टल,चार जिंदा गोली, 22 पीस खाली खोखा, 1.50 लाख रूपया नकद, एक थार और एक स्कॉर्पियो वाहन, सात मोबाईल फोन, दो वॉकी-टॉकी और दो लोहे का फाइटर बरामद हुआ है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रांची –गुमला एनएच 43 मुख्य सड़क से रांची से होकर नगड़ी की तरफ एक काले रंग का महिन्द्रा थार वाहन और एक काले रंग का स्कॉर्पियो से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सदस्य एवं उसके सहयोगी अवैध हथियार के साथ रगदारी मांगने को लेकर आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में जा रहे है। सूचना के बाद थाना प्रभारी नगड़ी अभिषेक राय के नेतृत्व मे एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने ललगुटवा ओवर ब्रिज के पास रांची- गुमला मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग शुरू किया। इसी दौरान रांची की तरफ से एक काले रंग की महिन्द्रा थार और एक महिन्द्रा स्कॉर्पियो तेजी से आते हुए दिखाई दिया, जिसे टीम ने रोकवा कर घेर लिया।

# स्टार प्रचारक जलेश्वर अपने बूथ-गांव से नहीं दिला सके मथुरा को वोट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** गिरिडीह लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो की हार के बाद कांग्रेस, झामुमो सहित अन्य सहयोगी दलों के स्टार प्रचारकों की हकीकत सामने आ आप को बड़े नेता का तमगा लगाकर चलने वाले नेताओं को उनके बूथों में ही जनता ने नकार दिया है। इनमें कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री स्टार प्रचारक जलेश्वर महतो तो अपने गांव के बूथों में भी पार्टी प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को वोट नहीं दिला सके। साथ ही वर्तमान निवास स्थान या यूं कह लें कि उनके मुहल्ले के लोगों ने भी उनसे मुंह मोड़ लिया। सीपी को मिले 145 तो मथुरा को मिले 67 वोट जलेश्वर वर्तमान समय में सिंगड़ा पंचायत के लाल बंगला में रहते हैं। प्राथमिकी विद्यालय पाण्डेडीह बूथ संख्या 179 में वे मतदान करते हैं.जलेश्वर के बूथ में मतदाताओं की संख्या 621 है जहां इस बार कुल 359 वोट पड़े। जलेश्वर के बूथ में उनसे अधिक प्रभावशाली निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो दिखे, जबकि इस बूथ में मथुरा प्रसाद महतो तीसरे नंबर पर रहे। बूथ संख्या 179 से एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी को 145 निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो को 91 जबकि मथुरा प्रसाद महतो को महज 67 वोट से ही संतोष करना पड़ा। जलेश्वर की नाकामी की बात यहीं खत्म नहीं होती है बल्कि जलेश्वर महतो के पैतृक गांव राधानगर जहां जलेश्वर महतो का पूरा परिवार रहता है। उनके गांव के बूथ संख्या 129 मध्य विद्यालय राधानगर में भी जलेश्वर महागठबंधन के प्रत्याशी मथुरा को वोट दिलाने में पूरी तरह नाकाम । यहां कुल मतदाताओं की संख्या 1036 है। इसबार 666 लोगों ने मतदान किया। जिसमें एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी को 360, निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो को 201, जबकि मथुरा प्रसाद महतो को सिर्फ 63 वोट मिले। मालूम हो कि बीते लोकसभा चुनाव में जलेश्वर महतो कांग्रेस के स्टार प्रचारक थे। वे प्रदेश स्तर के नेता हैं। लोग चर्चा करते नहीं थक रहे । स्टार प्रचारक व प्रदेश स्तर के नेता के अपने बूथों में ही इस तरह की स्थिति है तो इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे जनता के बीच कितना पकड़ रखते हैं। बहरहाल जो भी हो जलेश्वर महतो के बूथ में उनके प्रत्याशी के पक्ष में कम वोट आना, जलेश्वर सहित पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं है। इस पर पार्टी व जलेश्वर महतो को मंथन करने की आवश्यकता है। झामुमो बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी की बात करे तो वे प्राथमिक विद्यालय बरमसिया बूथ संख्या 36 में मतदान करते । यहां चंद्र प्रकाश चौधरी को 297, जयराम महतो को 51 जबकि मथुरा प्रसाद महतो को 188 मत मिले।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश पदाधिकारी रणविजय सिंह की बूथ संख्या 310 में कुल मतदाताओं की संख्या 989 है। इस बार इस केन्द्र पर 518 मत पडे । इसमें एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को 323 जबकि झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को महज 151 वोट मिले। यह हाल गिरिडीह लोक सभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन के नेताओं और उनके बूथों में पड़े प्रत्याशियों के मतों का है।

## एक नजर

### खुला तेल और मसाले की बिक्री न करें दुकानदार : मनोज कुमार

**खूंटी:** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने सोमवार को कर्रा प्रखंड के लोधमा मे किराना दुकानों और सब्जी मार्केट के मसाला दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्केट के मसाला विक्रेताओं से हल्दी एव धनिया का नमूना लिया गया। इन मसालों को खुला बेचा जा रहा था। खुला तेल भी बेचते हुए पाया गया। इन दुकानदारों को दुबारा खुला तेल और मसाला की बिक्री नहीं करने की चेतावनी दी गई। आकाश डेयरी की दुकानें से मिस्टर बेकरी वाले ब्रांड का एक्सपायरी ब्रेड पाया, जिसे चेतावनी देकर हटाने का निर्देश दिया गया। इस दुकानदार का फूड लाइसेंस-रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। उस दुकानदार को फूड लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन लेने का निर्देश दिया गया।

### बाल विवाह के मामले में सीडब्ल्यूसी ने की त्वरित कार्रवाई

**बोकारो :** बोकारो जिला अंतर्गत पेटरवार थाना के लुकैया गांव में रविवार को दो नाबालिगों की शादी गुपचुप तरीके से कर दी गई थी। जिसकी शिकायत सहयोगिनी संस्था द्वारा बाल कल्याण समिति सीडब्ल्यूसी बोकारो से की गई। जिसके बाद समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी की टीम के द्वारा सोमवार सुबह लड़का और लड़की को ऑफिस में प्रस्तुत किया गया। इसके बाद दोनों को अलग कर अभिभावकों को सौंप दिया गया। लड़के की उम्र 17 वर्ष तथा लड़की की उम्र भी 17 वर्ष है। इस संबंध में अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि बाल विवाह के मामले को रोकने के लिए प्रशासन मुस्तैद है। बोकारो जिले को बाल विवाह से मुक्त करने के लिए बाल संरक्षण विभाग अभियान चला रहा है। उन्होंने बताया कि इस विवाह में शामिल सभी लोगों पर प्राथमिक दर्ज करने के लिए बाल विवाह निषेध पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी पेटरवार को निर्देशित किया गया है।

इस संबंध में बाल हितकारी संस्था सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि बोकारो जिले को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए सघन रूप से जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। जिसमें पंचायत प्रतिनिधि, धार्मिक नेता, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को लगातार बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी जा रही है। इसके बावजूद कुछ इलाकों में बाल विवाह की घटनाएं समय-समय पर हो रही है, जिसको रोकने के लिए संस्था के कार्यकर्ता प्रयासरत हैं।

### सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव जी का शहादत दिवस मनाया गया

**बोकारो :** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव जी का शहादत दिवस सोमवार को मनाया गया। शहादत दिवस को लेकर जारंगडीह गुरुद्वारा में बीते 11दिनों से सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। पाठ की समाप्ति के बाद शबद कीर्तन का आयोजन किया गया, इस दौरान गुरूबाणी व कीर्तन से लोग भावविभोर हो गए। साथ ही गुरुद्वारा में माथा टेकने पहुंचे सभी सिख धर्म के लोगों के बीच शरबत और चने का वितरण किया गया। उसके बाद कथारा गोमिया मुख्य मार्ग पर गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जारंगडीह के द्वारा ठंडे मिठे जल की छबील लगाकर आते जाते राहगीरों एंव वाहनों को रोक रोक कर शरबत एंव चने का प्रसाद वितरण किया गया। वहीं रात में लंगर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रणधीर सिंह,सर्दुल सिंह,सरजीत सिंह,राजकुमार सिंह, अवतार सिंह, नरेन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह, रॉकी, चीकू सिंह, गुलशन सिंह,,राज सिंह, गुरप्रीत सिंह सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका निभाई।

## दहेज हत्या में दोषी पति को 14 वर्ष सश्रम कारावास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** दहेज हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने पति अनवर अंसारी को भादवि 304 बी तहत दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सोमवार को सुनाई। यह मामला वर्ष 2019 का है। इसे लेकर मरकच्चो थाना कांड संख्या 79/19 एवं सत्रवाद 101/19 दर्ज किया गया था। थाना को दिए आवेदन में मृतका के पिता याकूब अंसारी ने कहा था कि उसकी पुत्री की शादी 2017 को अनवर अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। कुछ दिनों तक वह ससुराल में ठीक से रही। उसके बाद उसे ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पंचायती भी हुई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसी बीच उसे एक पुत्री हुई। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि आपकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। जानकारी मिलने के बाद वे लोग तुरंत अपनी पुत्री के ससुराल पहुंचे। तो वहां देखा कि उनकी पुत्री नूरजहां खातून एवं नातिन नेहा परवीन की हत्या कर कुआं में फेंक दिया गया है। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 13 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए, न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया।

## ग्राम लबदा में शक्ति नाथ अमन ने फीता काटकर किया 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लबदा में सोमवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष शक्तिनाथ अमन एवं झामुमो नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने संयुक्त रूप से विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात गांव में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई इस दौरान ग्रामीणों ने झामुमो नेता के प्रति आभार व्यक्त किया। बताते चले कि पिछले कुछ दिनों से यहाँ के स्थानीय विद्युत ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण भीषण गर्मी में काफी समस्याओं से जूझ रहे थे।इन दिनों चिलचिलाती धूप व गर्मी में ग्रामीणों को लो वोल्टेज से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या को लेकर झामुमो कार्यकताओं ने भरसक प्रयास किया एवं स्थानीय विद्युत विभाग के विभागीय मिस्त्री बास्की रजक एवं अमरनाथ महतो के सहयोग से बहुत ही कम समय में फिर से पुनः विद्युत बहाल की गई। ट्रांसफार्मर के विस्थापन से ग्रमीणों में काफी उत्साह है। वहीं मौके पर नीलकंठ शाह, विकास रजक, श्रीकांत महतो, मोतीलाल साहा, राजू महतो, दिवाकर कुमार महतो, जितेंद्र रजक, राजेंद्र महतो, सुबोल साह, भोला कुमार, सहीत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## ईस्ट जोन व सेंट्रल जोन पिकलबॉल चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम घोषित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** पिकलबॉल संघ के उपाध्यक्ष बी. सुधीर ने लोहरकुल्ही स्थित अपने आवासीय कार्यालय में सोमवार को जानकारी दी की नोयडा उत्तर प्रदेश में आगामी 14 से 16 जुन तक होने वाले तीसरी ईस्ट जोन एंव सेन्ट्रल जोन पिकलबाल चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए 14 सदस्यीय झारखंड टीम का घोषणा किया गया।रांची के लटमा रोड मे स्थित एक मात्र पिकलबाल कोर्ट में सभी खिलाड़ियों ने ट्रायल मैच खेल कर अपनी छमता का परिचय दिया।इस संदर्भ में झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के सचिव प्रभात कुमार ने बताया पुरे विश्व में पिकलबाल कि लोकप्रियता काफी तेजी से बढीं है। साथ ही साथ झारखंड मे भी पिकलबाल खेल लोकप्रिय हो रहा है।सम्भवतः 2028 मे ओलंपिक खेलों में इसे शामिल किया जा सकता है। बालक वर्ग में प्रखर सिन्हा,आयुष कुमार,सचिन और रवि झारखंड के तरफ से खेलेंगे जबकि बालिका वर्ग में सुचेता वर्मा, प्रचेता वर्मा, खेल रही है।पुरूष वर्ग मे विनीत, बिजित,राजू सिंह, सृजन सहाय,रूपेश सिन्हा और प्रभात कुमार और महिला वर्ग में सुमन सिन्हा और नीता कुमारी झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।मौके पर पिकलबाल संघ के उपाध्यक्ष बी.सुधीर, वयोवृद्ध फुटबॉल खिलाड़ी पवन कुमार सिन्हा, कब्बड्डी के प्रशिक्षक जितेन्द्र श्रीवास्तव के समक्ष पिकलबाल संघ के सचिव प्रभात कुमार के सौजन्य से झारखंड के खिलाड़ियों को टी शर्ट दिया गया।

## निचितपुर में पानी के लिये प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कतरास (धनबाद):** भीषण गर्मी में पानी के लिये तरस रहे जंगलपुर निचितपुर के विस्थापित ग्रामीणों ने लक्ष्मण पासवान के नेतृत्व में सैकड़ो महिला पुरुष में जलापूर्ति की मांग को लेकर निचितपुर कोलियारी कार्यालय के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया।पूर्व में प्रबंधन व जिला प्रशाशन ने जल समस्या का समाधान का आश्वासन दिया था,चुनाव के बाद पुनः प्रदर्शन किया ,पी एन सेक्शन व जंगलपुर निचितपुर के ग्रामीणों के आपस का विवाद था,जिसे निचितपुर कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी जी एल दूर्वे प्रबंधन व ईस्ट बसूरिया ओ पी पुलिस ने कहा कि पानी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। एजेंट श्री धुर्वे ने कहा कि पानी समस्या का समाधान के लिये अलग से टेंडर करके पाइप लाइन का कार्य करवाकर जल समस्या का निदान करने का प्रयास किया है प्रबंधन । मौके पर लक्ष्मण पासवान,सुबोध कुमार, केदार यादव, बिनोद दास, धनो भुइँया, दयानंद बाउरी, सुनील वर्मा, रुक्मिनिया देवी, गीता देवी,सरस्वती देवी, मुनिया देवी, शांति देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## आदिवासी सेंगेल अभियान के द्वारा माझी बदलो गांव बचाओ जागरण सभा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चंदनकियारी प्रखंड के पश्चिम महल पंचायत गांव में आदिवासी सेंगेल अभियान के द्वारा माझी बदलो-गांव बचाओ जागरण सभा किया गया। सभा को सेंगेल परगना चंदनकियारी प्रखंड भुटेल टुडू की अध्यक्षता और संचालन पश्चिम महल पंचायत सेंगेल परगना बबलू बास्के ने किया। मुख्य अतिथि सेंगेल झारखंड प्रदेश संयोजक जयराम सोरेन ने मांझी बदलो-गांव बचाओ जनजागरण कार्यक्रम सभा को संबोधित करते हुए बताया कि आज आदिवासी समाज मौत के मुहाने पर खड़ा है। आदिवासी समाज का अस्तित्व, पहचान, हिस्सेदारी, भाषा, जल, जंगल जमीन सब कुछ लुटा जा रहा है। किन्तु आदिवासी गांव समाज के अगुआ मांझी बाबा इन तमाम महत्वपूर्ण जानकारी से अनभिज्ञ हैं। आदिवासी समाज के अधिकांश मांझी बाबा अनपढ़, पिय्यंकड़, असंवैधानिक कृत्य, नशाखोरी को बढ़ावा देने वाले हैं।इनको समाज से कोई लेना-देना नहीं है। सिर्फ शराब, मुर्गा, दारु, डंडोम, बारोण करते हैं,महिला विरोधी कृत्य और अंधविश्वास को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। आदिवासी समाज को दलदल से बाहर निकलने के बजाय समाज में स्वशासन के नाम स्वशोषण करते हैं। इतना ही नहीं इन अनपढ़ और वंश परंपरागत मांझी बाबा को संवैधानिक अधिकारों की जानकारी भी नहीं रखते हैं।यही कारण है कि आजादी के लगभग 75 सालों बाद भी आदिवासी समाज को धार्मिक पहचान जैसे बुनियादी अधिकार से वंचित रखा गया हैं किन्तु आदिवासी गांव समाज के आदिवासी सरना धर्म कोड के लिए कोई सहयोग नहीं करते। अतः अब वक्त का तकाजा है कि अनपढ़ और संविधान कानून की जानकारी नहीं रखने वाले मांझी बाबा को बदला जाए अन्यथा आदिवासी समाज का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी समाज को बचाने के लिए मांझी बदलो -गांव बचाओ आंदोलन व जनजागरण कार्यक्रम को गांव-गांव तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद श्री सालखन मुर्मू के नेतृत्व में भारत के लगभग सात राज्यों में आदिवासी सेंगेल अभियान कार्यरत हैं जहां मांझी बदलो -गांव बचाओ का कार्यक्रम वृहद रुप से चलाया जा रहा है। निश्चित रुप से यह जनजागरण कार्यक्रम आदिवासी समाज में मूलभूत परिवर्तन लाकर समाज को एक बेहतर दिशा प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मारवाड़ी युवा मंच कोयलांचल शाखा ने प्रभु एवं गो माता को अर्पण किया रसोई भोग



**धनबाद :** सोमवार को मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल शाखा द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम आनंद सबके लिए के तहत सर्वप्रथम झरिया घटक मंदिर लाइफलाइन हॉस्पिटल के पास स्थित प्रभु और गौ माता को रसोई का भोग अर्पण करने के पश्चात लगभग 237 लोगो को बीच खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। साथ ही सभी को फल,चिप्स,बिस्कुट,मिठाई,जूस और उनके पहनने लायक कपड़े देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।इस कार्यक्रम को विशेष रूप से शाखा सदस्यों की सहभागिता के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक मंच सदस्य प्रिंस कथूरिया,राहुल मजारिया,संजय पटवारी अध्यक्ष नीरज अग्रवाल,उपाध्यक्ष शिव शंकर चौधरी,सह सचिव शीतल बलासिया, मंच सदस्य दीपक साह, हर्षिता बलासिया,रवि भजगाड़िया ,राहुल कथूरिया,विष्णु भीमसरिया और मंच सदस्यों के परिवार जनों का विशेष योगदान रहा।

### गिट्टी लोडिंग कर पहाड़ से उतर रहे ट्रक ने विश्राम गृह को किया ध्वस्त



**बोरियो:** थाना क्षेत्र के बोरियो-तीनपहाड़ मुख्य पथ के धोगड़ा गांव के आगे रक्सी स्थान के समीप विश्राम गृह को चिप्स लदे ओवरलोड ट्रक ने जोरदार टक्कर मार कर तोड़ दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विश्राम गृह का छत पूरी तरह से धाराशाही हो गया, वहीं ट्रक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। बता दें कि तालझारी अंचल के अधीन कई क्रशर प्लांट और खदान से पत्थर खनन कर परिवहन किया जाता है। रक्सी स्थान के करीब से इन क्रशर प्लांट का मुख्य रास्ता है, और रात्रि के पहर जब ओवरलोडेड पत्थर लदा ट्रक जब रक्सी स्थान के करीब विश्राम गृह से गुजर रहा था, इस दौरान यह दुर्घटना हुई है। इस क्षेत्र में भारी वाहनों के परिचालन के कारण लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही है। इधर आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय के लोग विश्राम गृह ध्वस्त होने के बाद बेहद आक्रोशित दिख रहे हैं।

### लोहरदगा में 13 केंद्रों पर बाल विकास पदाधिकारियों की परीक्षा संपन्न



**लोहरदगा:** झारखंड लोक सेवा आयोग की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पद के लिए जिले में 13 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सदाचार मुक्त संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में ली गई। प्रथम पाली की परीक्षा 10 बजे से 12 बजे तक हुई। इस परीक्षा में 1992 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 2749 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक हुई, जिसमें 1989 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 2752 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को वरीय प्रभार दिया गया था। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में हुई। परीक्षा को लेकर नियंत्रण कक्ष की भी व्यवस्था की गई थी, जिसमें भूमि सुधार उपसमाहर्ता को नोडल पदाधिकारी बनाया गया था। विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेवारी एसडीओ अमित कुमार एवं एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा को दिया गया था। परीक्षा को लेकर जोनल दंडाधिकारियों की प्रति नियुक्ति की गई थी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में प्रेक्षक सह स्टैटिक दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई थी।

### जैनामोड़ पेयजलापूर्ति चालू करने को लेकर विरोध प्रदर्शन



**बोकारो :** जैनामोड़ ग्रामीण पेयजलापूर्ति फेज 02 द्वारा इस भीषण गर्मी में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति कई दिनों तक बाधित रहने के कारण उपभोक्ताओ का सब्र टूट गया और जैनामोड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय सिंह के अगुवाई में पानी टंकी के समीप पहुंचकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा कि आज तो संवेदक और पेयजलापूति विभाग को चेतावनी के रूप मे सांकेतिक विरोध दर्ज किया गया है अगर दो दिनों के अन्दर आठ पंचायतों में पेयजलापूर्ति शुरू नहीं की गई तो पानी टंकी के समीप जोरदार ताला बंदी कर अनिश्चित कालीन धरना पर पूरे क्षेत्र की महिला पुरुष जनता बैठने के बाध्य होंगे। किसी भी अनहोनी घटना के लिये संवेदक एवं पेयजल विभाग जिम्मेवार होगा। सिंह ने कहा कि इस भीष्म गर्मी में जहां लोगों को पानी एव बिजली की अत्यंत आवश्यकता है, वहीं आम उपभोक्ता पानी एवं बिजली की अनियमित आपूर्ति से बेहाल है । सिंह ने फेज 01 एवं फेज 02 दोनों को तथा दोनों मोटर ठीककर प्रति दिन पानी की सप्लाई नियमित रूप से करने की मांग की तथा छूटे हुए कई गलियों में पाइप लाइन को दूरूस्थ कर वहां भी पानी आपूर्ति शुरू करने की बात जाए।

# मोदी 3.0 की ऐतिहासिक शुरूआत



आचार्य पवन त्रिपाठी

रविवार को लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले चुके नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए को मिला नया जनादेश भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी भूमिका के लिए नई ऊर्जा देने वाला साबित होगा।

लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार की जीत का केवल राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय महत्त्व भी है। अनेक कारणों से इस बात को कहा जा सकता है।

सबसे पहले तो देखें कि कई दशकों की जोड़-तोड़ की राजनीति एवं राजनैतिक अस्थिरता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विराम लगा दिया है। आज पूरी दुनिया के शीर्ष नेता एवं नेतृत्व भारत को अत्यंत ही सकारात्मक एवं भरोसेमंद विदेश नीति वाले देश के रूप में देखते हैं। कहना न होगा कि पूरी दुनिया में नरेन्द्र मोदी ने भारत को एक नई पहचान दी है।

रविवार को लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले चुके नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए को मिला नया जनादेश भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी भूमिका के लिए नई ऊर्जा देने वाला साबित होगा।

ऐतिहासिक रूप से एनडीए की परंपरा अटलबिहारी वाजपेयी के समय से सहभागिता, सहयोग एवं सर्वसम्मति के साथ सबका साथ- सबका विकास की ही रही है। आने वाले पांच साल में भी भाजपा सहित राजग के सभी सहयोगी घटक राष्ट्र निर्माण में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित दिखाई दे रहे हैं। इसकी एक झलक बीते शुक्रवार को पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हुई राजग की बैठक में भी देखने को मिल चुकी है। वहां राजग के सभी प्रमुख सहयोगियों ने न सिर्फ मोदी सरकार के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल पर संतोष जताया, बल्कि अगले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के कंधे से कंधा मिलाकर चलने की प्रतिबद्धता भी जताई है।

दरअसल, देश में गठबंधन सरकार चलाने के मामले में वाजपेयी सरकार को आदर्श उदाहरण के रूप में गिनाया जाता है। अपने घटक दलों और सहयोगी दलों के साथ सहज भाव से रहते हुए आम जनता के जीवन को सहज बनाने और सुविधापूर्ण बनाने में वाजपेयी सरकार के कामकाज को आज भी याद किया जाता है।

वास्तव में 2047 में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए पूरा गठबंधन ह्यराष्ट्र सर्वोपरिह्न के सिद्धांत पर आगे बढ़ना चाहता है। निश्चित रूप से इस दृष्टि से बड़े और



कड़े फैसले भी लिए जाएंगे। न सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी, बल्कि बिहार के नीतीश कुमार एवं आंध्र प्रदेश के चंद्रबाबू नायडू जैसे नेता अपने-अपने राज्यों में अपने पिछले कार्यकालों में सुशासन के लिए ही जाने जाते रहे हैं। इसलिए उनके अनुभव का लाभ भी प्रधानमंत्री को मिलेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।

इन दोनों नेताओं को उनके अपने-अपने राज्यों में विकास पुरुष के रूप में जाना जाता है।

चुनावी परिणाम और जनादेश ने भारतीय लोकतंत्र की ताकत, निष्पक्षता और पारदर्शिता को भी साबित कर दिया है। ईवीएम का राग अलापने वाले आधारविहीन विपक्ष के मुंह पर यह बड़ा तमाचा है। आज भी ह्यब्रांड मोदीह्न का जलवा बरकरार है। देश के जनमानस में बीजेपी, नरेन्द्र मोदी और एनडीए के प्रति विश्वास को 2024 के जनादेश ने पुनः स्थापित किया है। यह जीत करोड़ों कार्यकताओं, वोटरों एवं कुशल नेतृत्व की जीत है।

यह भारतीय प्रजातंत्र की जीत है जिसमें सर्वे भवन्तु सुखिनः..का भारतीय दर्शन भी निहित है। हर एक प्रजातंत्र के इतिहास में एक ऐतिहासिक पड़ाव आता है, जो राष्ट्र की नीति और नियति तय करता है। लोक सभा 2024 के चुनाव परिणाम में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की विजय ऐसा ही ऐतिहासिक पल है। निश्चित रूप से इस चुनावी विजय ने अनेकानेक सकारात्मक संदेश दिए हैं।

इतिहास के पन्नों को पलटें तो पाएंगे कि 1962 के बाद पहली बार किसी नेता को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने का अवसर मिला है। इसके साथ-साथ यह तो और भी ऐतिहासिक है कि प्रधानमंत्री पद से पहले नरेन्द्र मोदी चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर गुजरात का शासन सफलतापूर्वक चला चुके हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के पुरुषार्थ, तप एवं विकासोन्मुखी राजनीति का परिणाम है कि अनेक झूठे प्रचारों के बावजूद पार्टी विपक्षी दलों द्वारा बनाया गया आइएनडीआइए गठबंधन अकेले भारतीय जनता पार्टी की सीटों से भी आगे नहीं जा सका। साठ वर्षों से अधिक समय तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस तो 100 सीटों के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाई। स्पष्ट है कि जनता ने विपक्षी गठबंधन को सिरे से नकार दिया है। इस चुनाव ने पुनः स्पष्ट कर दिया है कि आने वाला समय विकास एवं कल्याण की राजनीति का है न कि धर्म, जाति, पंथ और सांप्रदायिकता का। एक और विशेष बात जो प्रधानमंत्री मोदी को विशिष्ट बनाती है, वह है कि इनकी ह्यराष्ट्र प्रथमह्न की सोच और अंतिम छोर पर खड़े देश के हर नागरिक के प्रति संवेदनशीलता।

एक ओर जहां विपक्ष ने धर्म और जाति के आधार पर ध्रुवीकरण का प्रयास किया, वहीं इसके बिल्कुल विपरीत प्रधानमंत्री मोदी विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़े नागरिक तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत रहे। अब भाजपा एवं एनडीए देश के हर कोने में मजबूती के साथ विस्तार कर रहा है। ओडिशा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु एवं केरल में पार्टी का वोट प्रतिशत भी तेजी से बढ़ा है।

आर्थिक मोर्चे पर मोदी सरकार के नेतृत्व में पिछले दो कार्यकाल खासे उत्साहवर्धक रहे। भारतीय अर्थव्यवस्था ने वैश्विक पटल पर ऊंची छलांग लगाते हुए अनेक विकसित देशों को चौंका दिया। पिछले 10 वर्षों में जिस संकल्प एवं राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने देश को दुनिया की पहली पांच अर्थव्यवस्थाओं में लाकर खड़ा कर दिया है, वह अपने आप में एक अद्भुत मिसाल है। आर्थिक मोर्चे पर देश को आगे ले जाने की इसी इच्छाशक्ति के साथ शुक्रवार को केंद्रीय कक्ष की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी राज्यों को संदेश दे दिया है कि वे बड़े विदेशी निवेश के लिए अपने यहां सरल एवं सीधी नीतियां बनाएं ताकि विदेशी कंपनियां देश के हर राज्य में अपने लिए अनुकूल वातावरण महसूस करें, और हर राज्य में निवेश के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो सकें।

## संपादकीय

### ब्याज दरें यथावत

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार आठवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है यानी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों को 6.5 फीसद पर बनाए रखा है। रिजर्व बैंक ने आखिरी बार 4 फरवरी, 2023 को दर 0.25 फीसद बढ़ाकर 6.5 फीसद की थी। सात जून को आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिनी बैठक में लिए गए इस बाबत निर्णय की जानकारी देते हुए ब्याज दरों के यथावत रहने की घोषणा की यानी मकान, वाहन और अन्य कर्ज महंगे नहीं होंगे। समिति के छह में से चार सदस्यों ने ब्याज दरों को यथावत बनाए रखने जबकि दो सदस्यों ने इससे अलग राय जताई थी। दरअसल, आर्थिक वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है जबकि मुख्य मुद्रास्फीति में नरमी से खुदरा महंगाई में लगातार कमी आ रही है। ईंधन की महंगाई दर में भी कमी जारी है। इसलिए केंद्रीय बैंक के लिए ब्याज दरों को यथावत बनाए रखने में आसानी रही। लेकिन महंगाई की दर के अपेक्षित से ज्यादा बने रहना सरकार के लिए चिंता का सबब अवश्य है और वह महंगाई चार फीसद के मानक स्तर पर लाने के लिए बराबर सतर्कता बरत रही है। उसकी चुनौती इस मोर्चे पर कड़ी है क्योंकि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक 2023-24 में महंगाई 4.83 फीसद दर्ज की गई जो अपेक्षित स्तर से ऊंची है। इसके निकट भविष्य में नीचे आने की उम्मीद भी नहीं है। अलबत्ता, वर्ष के ज्यादातर समय इसके 4.5 फीसद के आसपास बने रहने का आकलन है। अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति में मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि की गति के मद्देनजर रिजर्व बैंक पहले ही पूवार्नुमान लगा चुका था कि मुद्रास्फीति 4.5 फीसद के आसपास रहेगी। बाजार का भी यही आकलन था। इस बीच, केंद्र में गठबंधन सरकार शपथ ले चुकी है। भले ही सरकार के रुख को लेकर अनिश्चितता है लेकिन इतना तय है कि सरकार का रुख लचीला रहेगा। वह कुछ डेफिसिट के साथ भी काम चलाना चाहेगी बशर्ते आम जन को सहूलियत मिले। मानसून निकट है, और अच्छा मानसून रहने के अनुमान से भी मौद्रिक मैकेनिज्म से दामों को काबू में रखने का उपाय कारगर माना जाएगा। यही कारण है कि रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति को यथावत रखने के साथ ही मुद्रास्फीति में कमी लाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है। अलबत्ता, केंद्रीय बैंक निकट भविष्य में खाद्य मुद्रास्फीति में किसी भी बढ़ोतरी के जोखिम पर बराबर नजर रखेगा ताकि मुद्रास्फीति चार फीसद के स्तर पर लौटे।




## चिंतन-मनन

### जीवन का बड़ा सबक

पं. रामनाथ एक छोटी-सी जगह गुरुकुल में छात्रों को पढ़ाते थे। कृष्णनगर के राजा शिवचंद्र को यह पता लगा तो उन्हें बहुत दुख हुआ कि ऐसा महान विद्वान भी गरीबी में रह रहा है। एक दिन वह स्वयं पंडितजी से मिलने उनकी कुटिया में जा पहुंचे और बोले-पंडित जी, मैं आपकी कुछ सहायता करना चाहता हूं। पं. रामनाथ ने कहा-राजन, भगवान की कृपा ने मेरे सारे अभाव मिटा दिए हैं। मुझे अब कोई आवश्यकता नहीं रही। राजा बोले-मैं घर खर्च के बारे में पूछ रहा हूं। हो सकता है उसमें कुछ परेशानी होती हो। उन्हें जवाब मिला-इस बारे में तो गृहस्वामिनी अधिक जानती हैं। आप उन्हीं से पूछ लें।


यह सुनकर राजा गृहिणी के पास जा पहुंचे-माता, आपके घर के खर्च के लिए कोई कमी तो नहीं? गृहिणी का जवाब था- भला सर्व-समर्थ परमेश्वर के रहते उनके भक्ति को क्या कमी रह सकती है। पहनने को कपड़े हैं। सोने को बिछौना है। पानी रखने के लिए मिट्टी का घड़ा है। भोजन की खातिर विद्यार्थी सीधा ले आते हैं। बाहर खड़ी चौलाई का साग हो जाता है। इससे अधिक की जरूरत भी क्या है? राजा श्रद्धावनत हो गए, फिर भी बोले-हम चाहते हैं कि आपको कुछ गांवों की जागीर प्रदान करें। इससे आपको भी अभाव नहीं रहेगा और गुरुकुल भी ठीक से चलता रहेगा।

राजा की यह बात सुनकर वृद्ध गृहिणी मुस्कराई-देखिए राजन, इस संसार में परमात्मा ने हर मनुष्य को जीवन रूपी जागीर पहले से दे रखी है। जो इसे अच्छी तरह से संभालना सीख लेता है, उसे फिर किसी चीज का अभाव नहीं रह जाता। यह सुनकर राजा शिवचंद्र का मस्तक झुक गया। आज उन्हें एक बड़ा सबक मिल गया था।

# बहुत कठिन है डगर एनडीए सरकार की



डॉ हिदायत अहमद खान



लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों के बाद सियासी आईने में नजर आने वाली एनडीए सरकार की तस्वीर भले ही सुखद और मजबूत नजर आ रही हो, लेकिन चुनौतियां इस कदर हैं कि आगे चलकर इस तस्वीर के धुंधले होने की गुंजाइश कुछ ज्यादा ही लग रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह गठबंधन सरकार को चलाने का अनुभव नहीं होना बताया जा रहा है। दरअसल इससे पहले तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्ण बहुमत की सरकार चलाते आए हैं। यह अलग बात है कि एनडीए गठबंधन को उन्होंने साथ रखा। ऐसे में पीएम मोदी के द्वारा लिए गए फैसलों पर एनडीए गठबंधन में शामिल दलों ने किसी तरह की कोई आपत्ति भी दर्ज नहीं कराई थी। सच कहा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी और उनके खास मंत्रियों के लिए 17वीं लोकसभा में पूरी मजबूती के साथ सरकार चलाने का अनुभव भी सुखद रहा, लेकिन अब ऐसा नहीं रहने वाला है। अब जबकि 18वीं लोकसभा में जादुई आंकड़े से भारतीय जनता पार्टी काफी दूर रह गई है, तब गठबंधन के मजबूत दलों के मिजाज पर निर्भर रहने जैसी विकट समस्या का सामना भी मोदी सरकार को करना होगा। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने हैट्रिक लगाते हुए तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभाल ली है। यह भी अपने आप में इतिहास रचने जैसा कार्य ही है। राष्ट्रपति भवन में रविवार शाम 7:15 बजे नरेंद्र मोदी समेत देशभर से एनडीए के 72 सांसदों ने मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ ले ली। प्रधानमंत्री मोदी की मंत्री परिषद में 30 कैबिनेट मंत्री, 5 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्री शामिल किए गए हैं। सभी सहयोगी दलों को साधने के प्रयास में जनता दल युनाइटेड, जनता दल सेक्यूलर, तेलुगू देशम पार्टी, शिवसेना (शिंदे गुट), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय लोक दल, हिंदुस्तानी अवामी मोर्चा (हम), द रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया को मिलाकर कुल 11 मंत्री भी इसमें शामिल हैं। यही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के कद्दावर नेताओं में शुमार होने वाले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी समेत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को भी कैबिनेट में शामिल कर बहुत हद तक नाराजगी को दूर करने का काम भी किया गया है। इसके बाद भी अब मन की बात सुनाने के साथ ही दूसरों के मन की बात को भांपने जैसी चुनौती भी इस सरकार पर रहने वाली है।

यह तो रही आईने के सामने दिख रही तस्वीर, अब थोड़ा छुपी हुई तस्वीर पर नजर डालें, जिसमें समस्याएं ही समस्याएं नजर आती हैं। सबसे बड़ी किसान समस्या है, जिसे लेकर देश में लगातार आंदोलन हो रहे हैं। किसान आंदोलन ने चुनाव पहले जो माहौल बनाया, उससे भी मोदी सरकार की छवि बिगड़ी, जिसका असर चुनाव परिणाम में भी देखने को मिला है। संभवतः यही वजह रही कि प्रधानमंत्री कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले किसानों की फाइल पर ही हस्ताक्षर किए, ताकि देश के अन्नदाताओं तक संदेश जा सके कि वो किसानों की खुशहाली के प्रति कितने प्रतिबद्ध हैं। किसान किन शर्तों पर मानेंगे और किस बात पर रुठेंगे यह अलग बात है। यहां दूसरी सबसे बड़ी समस्या जो पिछले कार्यकाल में भी परेशानी का सबब बनी रही, वह आर्थिक भ्रष्टाचार है। इसके तहत अमीर और अमीर हो रहे हैं, जबकि गरीब और गरीब होता चला गया है। आर्थिक अपराध करके जिन्हें विदेश जाना था वो तो चले गए, लेकिन देश में ऐसे लोगों पर जांच एजेंसियों ने शिकंजा कसा जिनका संबंध कहीं न कहीं विपक्षी खेमे से रहा। जिन्होंने समझदारी दिखाते हुए समय पर पार्टी बदल ली वो जांच एजेंसियों के चंगुल से बच रहे। ऐसे में संदेश यही गया कि मोदी सरकार अपने विरोधियों को किसी भी कीमत पर जेल भेजना चाहती है और वह देश की तमाम जांच एजेंसियों समेत सुरक्षा और न्याय प्रणाली को अपने हिसाब से चलाने का प्रयास कर रही है। इसके बाद लगातार सरकार पर हमले होते रहे, लेकिन चूंकि सरकार पूर्ण बहुमत वाली थी, अतः उसके कान पर जूं तक न रेंगी। विरोधी स्वर की परवाह किए बगैर मोदी सरकार वो तमाम फैसले लेती रही, जिसका खामियाजा लोकसभा चुनाव के परिणामों में देखने को मिला है। यही नहीं बल्कि हिंदु-मुसलमान, सिख्ख-ईसाई जैसे धार्मिक मसलों से भी मोदी सरकार की छवि आहत हुई। पहले मंदिर निर्माण का श्रेय लेने जैसा उपक्रम, फिर मस्जिद, मदरसों, चर्च, मठ और अल्पसंख्यक वर्ग के स्कूलों पर कथित तौर पर शिकंजा कसने के मामले ने तूल पकड़ा और हालात कई दफा बेकाबू भी होते दिखे। आतंकवाद और कश्मीर मसला जिसे एक झटके में समाप्त करने का खेल-खेला गया, वह अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हंगामा करता दिखा है। जहां तक आतंकवाद की समाप्ति की बात है तो वह आज भी कश्मीर घाटी में सिर उठाए हुए है और मासूम लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। ये तमाम मसले ऐसे हैं, जिन से इस बार भी मोदी सरकार को दो-चार होना पड़ेगा। इनसे अतिरिक्त गठबंधन सरकार में मौजूद दलों के मिजाज से सरकार चलाना और उनकी ख्वाहिशों का ध्यान रखना इन तमाम बड़ी समस्याओं से कहीं ज्यादा कठिन और घातक समस्या है। नीतीश कब पलट जाएं कोई भरोसा नहीं, जैसे जुमले यूं ही आसमान में नहीं उछल रहे हैं। इसके दूरगामी परिणाम देखने को जरुर मिलेंगे। इसलिए मोदी सरकार की कोशिश होगी कि वह येन-केन-प्रकारेण लोकसभा के जादुई आंकड़े को पाने में कोई कसर बाकी न रखे। इसके लिए इस बार भी साम-दाम-दंड भेद नीति अपनाती मोदी सरकार कुछ अलग कार्य करती नजर आने वाली है। इस जमावट के बावजूद मौजूदा एनडीए सरकार की डगर आसान नहीं है।

# चुनाव परिणामः जनता में परिवर्तन की ललक



राकेश श्रीवास्तव




वर्तमान चुनाव परिणामों से तथा मतदान में जनता की हिस्सेदारी के प्रतिशत से ऐसा संकेत मिलता है कि भारतीय राजनीति अस्थिरता के अंतिम दौर में प्रवेश कर चुकी है जिसका उदाहरण किसी एक दल को अपनी बदौलत बहुमत नहीं मिलना है। सबसे बड़े. दल के रूप में उभरी भाजपा को भी अपने सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसा दौर और कितना लंबा चलेगा, कोई भविष्यवाणी फिलहाल संभव नहीं। परंतु यह निश्चित है कि यह सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि जनमानस इस अस्थिरता को समाप्त करने में किस हद तक सार्थक एवं कारगर भूमिका अदा करता है। वर्तमान चुनाव में मतदाताओं द्वारा ली गई हिस्सेदारी पूर्व में हुए अन्य चुनावों की अपेक्षा कम रही है, तथा चुनाव परिणामों से भी जनता ने अपने परिवर्तन के भूख को बनाए रखने का संकेत सा दिया है।

वैसे परिवर्तन की भूख भारतीय जनमानस में आजादी के बीस वर्ष बाद 1967 से ही प्रारंभ हो चुकी थी। गैर-कांग्रेसी सरकारों का गठन हुआ परंतु राजनीतिक दिशाविहीनता से परिवर्तन को सार्थक एवं गुणात्मक बदलाव में तब्दील नहीं जा सका। कारण था कि गैर-कांग्रेसी सरकारों का नेतृत्व निजी महत्त्वाकांक्षाओं को पूरा करने कांग्रेस छोड़.के आए लोगों के हाथ में होना। यहीं से प्रतिक्रियावादी ताकतों का उभार भारतीय राजनीति में हुआ जिसके चलते 1977 की लघु क्रांति छोड़.कर गैर- कांग्रेसवाद के पाये पर राजनीतिक दलों द्वारा अब तक अपने को टिकाए रखना है। गैर-कांग्रेसवाद वोटों का समीकरण बैठाने का एक नारा जैसा बन गया है, जिसके माध्यम से जल्दी से जल्दी ताकत बटोरने हेतु भारतीय राजनीति को जातीयता की संकीर्णता में लाकर खड़ा कर दिया गया है और जातीय समीकरण के चलते हिंसा राजनीति का हथियार बन गया। जैसे आज राजनीतिक दलों द्वारा भिन्न भिन्न नामों से हिंसक सेना (हिन्दू वाहिनी, आदम सेना, बजरंग दल तथा अन्य क्षेत्रीय सेनाएं) तैयार करना।

इस प्रवृत्ति को विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सामाजिक न्याय का नारा देकर जाने-अनजाने और मजबूत किया। मंड़ल के मुद्दों को लेकर वीपी सिंह राष्ट्रीय मोर्चे के सबसे बड़े.घटक के रूप में ऐसे चक्रव्यूह में फंस गए थे जहां पिछड़ों, हरिजनों व मुसलमानों को न्याय दिलाने के नाम पर समाज को छोटे-छोटे दायरों में बांटने का प्रयास किया गया। ऊंची जातियों से प्रतिस्पर्धा में पिछड़े, हरिजन और मुसलमान समुदाय का चुनावी समीकरण बनाने की सामाजिक न्याय के नाम पर कोशिश की जाने लगी है। चुनावी समीकरणों को राजनीतिक दल विचारधारा के रूप में जनता के सामने पेश करते चले आ रहे हैं, जिसकी शुरुआत कांग्रेस पार्टी में निजी महत्त्वाकांक्षाओं को संजोए लोगों द्वारा शुरू की गई थी। यही कांग्रेस संस्कृति है जो आजादी के बाद से भारतीय समाज को अस्थिर और हिंसक बनाए हुए है।

कांग्रेस पार्टी के पास एक ही नारा है कि स्थिर सरकार मात्र वह ही दे सकती है, जबकि जनता 1967 से ही लगातार इस नारे के विरोध में मत देती रही है। 1991 के चुनाव में किसी को सरकार बनाने योग्य बहुमत न देना।

1998 में भी जनता ने देश को स्थिर सरकार नहीं दी। और वह स्पष्ट जनादेश न मिलने के कारण वह सरकार केवल तेरह महीने की चल पाई। 1999 में भी जनादेश गठबंधन (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार का मिला। इसी प्रकार 2004 में भी किसी एक पार्टी को बहुमत नहीं मिला। लेकिन इस बार वामपंथी राजनीतिक दलों के समर्थन से यूपीए ने सरकार बनाई और इसने 2014 तक दो कार्यकालों के लिए भारत पर शासन किया।) 2014 के नतीजे जरूर अलग रहे। जनता ने स्थिर सरकार के लिए जनादेश दिया। जो भाजपा की अगुवाई में एनड़ीए के रूप में अगले दो कार्यकाल 2024 तक चली। 2024 में अचानक मोदी के ईद-गिर्द बनी अजेय छवि खत्म हो गई। मतदाताओं ने यथास्थिति को लेकर असंतोष दिखाया। अब इस नई सरकार को सत्ता में आने के बाद पहली बार गठबंधन के पुराने सहयोगियों पर निर्भर रहना होगा।

दूसरी तरफ इस जनादेश से कांग्रेस नीत विपक्ष को भी नई ऊर्जा मिलेगी। इससे यह स्पष्ट होता है कि जनता का राजनीतिक दलों पर से विश्वास उठ गया है और उनके हर चुनावी नारे के विपरीत मतदान करती चली आ रही है। और अपनी परिवर्तन की भूख को बनाए हुए है। असल में आजादी के 77 साल बाद (इस अवस्था में आदमी पूर्ण वृद्धावस्था में हो जाता है) भी राजनीतिक प्रक्रिया का विकास नहीं हो पाया। किसी भी दल का अखिल भारतीय स्वरूप अब नहीं रहा। दल के स्थान पर नेताओं के गिरोह बन गए। जिसके कारण वैचारिक और सैद्धांतिक प्रतिबद्धता समाप्त हो गई है और उसका स्थान निजी महत्वाकांक्षाओं ने ले लिया है। (अभी तक हमारी कोई सर्वमान्य शिक्षा नीति नहीं बन पाई, जो व्यक्ति के विकास का प्रथम चरण होता है।)

# मनरेगा लोकपाल के आगमन पर भी नहीं थम रही है बिरसा सिंचाई कूप में धांधली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** प्रखंड क्षेत्र के बरारी पंचायत में बिरसा सिंचाई कूप में घोर अनिमितता देखने को मिल रही है। बताते चले की बीते दिनों सिंचाई कूप का पहले से जुड़ाई नहीं होने के कारण सिंचाई कूप में कई मवेशीयो का गिरकर मौत हो गई थी। खबर प्रकाशित होने पर मनरेगा लोकपाल जीपी प्रसाद एवं बीपीओ अखिलेश कुमार जांच मे आया था। जिसमें सही पाया एवं रोजगार सेवक जमीर शेख एवं जेई महेश उरांव को खरी खोटी सुनाई थी। साथ में निर्देश दिया गया था की 2 दिन के अंदर सिंचाई कूप को बंद कराया जाएं अगर ऐसा नहीं होता है तो हम इसकी सूचना डीडीसी साहिबगंज को मजबूरन देना पड़ेगा। बता दें कि मनरेगा लोकपाल की यह दूसरी बार दौरा हो गया फिर भी बिचौलियो बाज नहीं आते हैं। बरारी पंचायत में बिरसा कूप में बालू के जगह डस्ट एवं अच्छा ईट के जगह आधा ईट से जोड़ाई करते हैं जहां ईट पांच गाड़ी अच्छा क्वालिटी का लगेगा वहां पांच ट्रैक्टर के टोली आधा ईट से जुदाई करते हैं। अपना जेब भरने के फिराक में जिसकी वजह से ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाते हैं एवं उसी गहराई में भड़क के गिर जाते हैं। जिससे मवेशी एवं चरवाहे के छोटे बच्चे कभी भी उस सिंचाई कूप में गिरकर कोई बड़ी घटना घट सकती है। इस मनरेगा योजना का इसी तरह बिरसा सिंचाई को बनाने से किसानों को कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना मामले में हाइवा चालक के विरुद्ध मामला दर्ज

**बोरियो :** थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरीयो बरहेट मुख्य मार्ग के जिरूल मोड़ के समीप विगत शनिवार को हुए हाईवा एवं बाइक चालक के बीच टक्कर में बाइक चालक की दर्दनाक मौत के मामले में बोरियों पुलिस ने हाईवा चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। जहां मालूम हो कि बरहेट निवासी सन्नी भगत (30) बोरियों से अपने घर पर हिट लौट रहा था। इसी क्रम में जिरूल मोड़ के समीप पीछे से तेज रफ्तार आ रही अज्ञात हाईवा ने सड़क के बीचो-बीच बाइक सवार सन्नी भगत को रौंद दिया था। जिससे घटनास्थल में ही उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद हाईवा चालक फरार हो गया था। बाद में बोरियों पुलिस ने हाईवा का पता कर हाईवा चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। हाईवा महगामा का बताया जा रहा है। जहां बोरियो थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया कि मृतक के भाई राजेश भगत के आवेदन के आलोक में चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

### दो ई रिक्शा में टक्कर, बाल बाल बच्चे यात्री



**राजमहल :** प्रखंड के अनुमंडल अस्पताल के मुख्य गेट के पास यात्री लेकर खड़े ई रिक्शा में दूसरे ई रिक्शा चालक के द्वारा धक्का मारने से ई रिक्शा में बैठे यात्री बाल बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार एक ई रिक्शा चालक यात्री को लेकर साहिबगंज की ओर जाने के लिए खड़ा था। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक ने अनियंत्रित होकर धक्का मार दिया। जिससे खड़ा ई रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्री भी बच गए। वहां देखते ही देखते लोगों का भीड़ इकट्ठा हो गया और क्षतिग्रस्त ई रिक्शा वाले की ओर से मुआवजे की मांग को लेकर हो हल्ला होने लगा। बाद में मुआवजे की बात देने के लिए तैयार होने के बाद फिर वहां से क्षतिग्रस्त ई रिक्शा वाले हटा।

### बॉक्साइट ट्रक जब्त, ट्रक मालिक पर प्राथमिक दर्ज



**गुमला :** गुमला खनन पदाधिकारी गुमला एवं घाघरा पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में , घाघरा थाना के मुख्य गेट के समक्ष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां विभिन्न वाहन की जांच की गई, इसी वाहन चेकिंग जांच के क्रम में एक बॉक्सर ट्रक से परमिट चालान मांगा गया तो । बॉक्साइट ट्रक जे एच 12 सी . 6913 के चालक ने किसी भी प्रकार का कागजात दिखने में असमर्थ रहा। फलस्वरूप जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला ने उक्त ट्रक को जब्त कर। उक्त ट्रक के मलिक पर प्राथमिक की दर्ज करते हुए और उक्त ट्रक के चालक लोहरदगा जिला अंतर्गत स्थित हिसरी ग्राम निवासी असफाक अंसारी को गिरफतार कर न्यायालय में प्रस्तुत करते हुयें गुमला जेल भेज दिया हैं, उन्होंने कहाकि समय समय पर उक्त वाहन चेकिंग अभियान कार्यक्रम जारी रहेगी। अवैध बॉक्साइट खनन माफियाओं द्वारा अवैध बॉक्साइट खनन कराकर।

## शपथ ग्रहण के बाद कल्पना सोरेन को विधायक सविता ने दी बधाई




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुकड़ु :** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन लोकसभा चुनाव के साथ हुए गांडेय विधानसभा के उपचुनाव में विधायक निर्वाचित हुए है। सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने गांडेय विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन को झारखंड विधानसभा सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में विधायक सविता महतो भी शामिल हुई। इस क्रम में विधायक सविता महतो ने कल्पना सोरेन को विधायक निर्वाचित होने पर पुष्प कुछ देकर बधाई एवं शुभकामना दी। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, राज्य सभा सांसद सरफराज अहमद, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो समेत राज्य सरकार के मंत्री एवं विधायकगण उपस्थित थे।

## पत्थर परिवहन करने वाले हाइवा जान माल के लिए बने मुसीबत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोरियो :** थाना क्षेत्र के जिरुल गांव में शनिवार की रात पत्थर परिवहन करने वाले हाईवा ने एक युवक को कुचल कर उनकी जान ले ली थी। युवक अभिषेक आनंद भगत उर्फ सन्नी भगत अपने बाईक से बोरियो से बरहेट की और रात्रि के वक्त जा रहे थे। इस बीच पीछे से आ रही हाईवा ने युवक को कुचल डाला, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। लेकिन अब तक पत्थर और बालू परिवहन करने वाले गाड़ी चालकों पर नकेल नहीं कसा जा रहा है। बता दें कि आए दिन बोरियो से बरहेट, बोरियो से गोड्डा, या फिर बोरियो से मंडरो की और जाने वाली पत्थर लदी गाड़ियों से जान माल का डर बना रहता है। बिहार से आए हाईवा चालक नशे की हालत में वाहन परिचालन करते हैं। ऊपर से स्थानीय पत्थर माफियाओं, पेट्रोलिंग पुलिस और चेकनाका में तैनात प्रति नियुक्त मजिस्ट्रेट के संरक्षण के कारण पत्थर परिवहन करने वाले हाईवा चालक बहुत ही बत्तर तरीके से गाड़ियों का परिचालन करते हैं। जिससे आए दिन कई लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, क्षेत्र के कई लोग बताते हैं कि कई बार हाईवा चालक के लापरवाही के कारण उनलोगो की जान खतरे में पड़ जाती है। पत्थर माफिया बोरियो इलाके में इतना सक्रिय हैं कि आए दिन हाईवा चालकों को चौक चौराहों में बोलते सुना जाता है किङ्ग रात में सड़क हमलोगों का हो जाता है अगर कोई बीच में आएगा तो पीस दिया जाएगा और कोई भी कुछ नहीं कर पाएगा, क्योंकि पूरा सिस्टम मालिक लोग चलाते हैं, और कुछ हो भी जायेगा तो पुलिस प्रशासन अपना है कोई कुछ बिगाड़ नहीं पाएगाः। बता दें कि राज्य के बाहर से पत्थर खनन और परिवहन करने के लिए सैकड़ों की संख्या में रोजाना हाईवा और एलपी बोरियो थाना क्षेत्र होते हुए पार किए जाते हैं। पत्थर माफियाओं का गिरोह इतना सक्रिय है कि जिला प्रशासन की चुस्ती के बावजूद ओवरलोड और बीना माइनिंग चालान के पत्थर लदे वाहनों को चेकनाका पार करवा दिया जाता है। जिस दिन जिला प्रशासन या विभाग सक्रिय होकर जांच पड़ताल करती है उस दिन पत्थर लदे वाहनों को बोरियो-बरहेट-सुंदरपहाड़ी होते हुए जिले से बाहर भेज दिया जाता है, फिर वहां से बिहार की और पत्थर वाहन रवाना होते हैं।

## राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में संताली भाषा में पढ़ाई और शिक्षक बहाली हो अनिवार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** पटमदा के बेलटांड स्थित तिलका मांझी पार्क में अलचिकी हुल वाईसी पटमदा और बोड़ाम प्रखंड कमिटी द्वारा एक आवश्यक बैठक की गई । जिसमे जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के प्रोत्साहन के लिए विद्यालय के चयन के सर्वेक्षण को पुनः करवाने की मांग करते हुए।कई महत्वपूर्ण मांगो को कमिटी के द्वारा सर्वसम्मति से रखा गया। जिसमे संथाली भाषा में हर विद्यालय में पढ़ाई शुरू करवाने,संथाली मातृभाषा में केजी से पीजी तक पढ़ाई लागू करने ,क्षेत्रीय भाषा सर्वे को रद्द कर पुनःसर्वे करवाने की मांग सहित कई मांग पर सहमति बनी। वही सरकार को अपने मनाए गए नियम में सुधार करने की मांग करते हुए प्रत्येक सरकारी विद्यालय में संथाली भाषा की पढ़ाई के साथ शिक्षक बहाल करने की मांग की गई। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान पवनपुर टीकाराम मुर्मू, हरिहर टुडू, सुधीर चंद्र मुर्मू, दिवाकर टुडू, जीतूलाल मुर्मू, बुद्धेश्वर मुर्मू, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रेलवे लाइन से पुलिस ने बरामद किया शव

**कुकड़ू :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह रेलवे लाइन पर एक लाश बरामद किया गया । तिरूलडीह पुलिस द्वारा सोमवार को लाश का पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया गया। मृतक का पहचान 23 वर्षीय नसीम अंसारी मुल निवासी ईचागढ़ थाना क्षेत्र के ईचागढ़,पातकुम के रूप में किया गया है, जो वर्तमान में तिरूलडीह में रहता है। मिली जानकारी के अनुसार नसीम अंसारी का मानसिक स्थिति सही नहीं था। वह रविवार की शाम को घर से निकला और वापस नही लौटा । परिजनों ने काफी खोजबीन किया पर कहीं पता नहीं चला। देर रात को परिजनों को चांडिल मुरी रेलखंड के तिरूलडीह रेलवे स्टेशन ओर सपादा के बीच पोल संख्या 320/15 व 320/16 के समीप रेलवे लाइन पर एक लाश की सुचना मिलने पर परिजनों द्वारा पहचान कर तिरूलडीह थाना को सुचना दिया गया।

## पुलिस, प्रशासन और बाल कल्याण विभाग ने बाल विवाह को रोका



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो थाना के कमलपुर निवासी 16 वर्षीय नाबालिग पंचू उरांव एवं रांची जिला अंतर्गत बेड़ो थाना स्थित पैरो महुआ टोली ग्राम निवासी 18 वर्षीय बालिक युवती सुजीता कुमारी के बीच बरसों से चल रहे प्रेम-प्रसंग ने शादी के बन्धन और सात फेरे और सात वचन, सभी सभी हुईं स्थगित दोनों के बीच शादी तय हो चुकी थी और दोनों क्षेत्रों के परिवार और परिजनों की सहमति के बीच तय, दिन, तारीख और मूहर्त के बावजूद उक्त शादी का बारात निकालने से मात्र चंदघंटे पूर्व, ही। उक्त गांव के किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पुलिस, प्रशासन और बाल कल्याण विभाग को सूचना दे दी गई की नाबालिग लड़कें का बाल विवाह कराया जा रहा हैं और शादी होने जा रहा हैं। उक्त सूचना मिलते ही भरनो थाना प्रभारी अरविंद कुमार एवं भरनो सीओ के प्रतिनिधि रविन्द्र झा ने संयुक्त रूप से त्वरित कार्रवाई करते हुयें। नाबालिक किशोर पंचू उरांव के बारात निकालने से पूर्व ही उक्त दोनों पदाधिकारी उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर।

## उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणलय स्थित सभागार में विभिन्न विभागों अंतर्गत संचालित योजनाओं को लेकर संयुक्त समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने विभाग वार योजनाओं की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कृषि एवं कृषि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रम में उन्होंने झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत एवं फसल राहत योजनाओं के भुगता आदि की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की उन्होंने कृषि विभाग एवं बैंकर्स को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसानों को केसीसी एवं ऋण माफी योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की यह सरकार की जिम्मेदारी है कि किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके अतः किसानों को बार बार योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े बल्कि कर्मी स्वयं फील्ड में जाकर किसानों को सहयोग करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दें। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन,चापाकल निर्माण योजना, जल जीवन मिशन आदि से संबंधित समीक्षा की उपायुक्त ने कहा कि सभी योग्य लाभुकों को पेयजल हेतु कनेक्शन प्रदान किया जाए एवं लंबित कार्यों को अविलंब पूर्ण करें । इस दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत अस्पतालों की मरम्मती एवं जीर्णोद्धार, आयुष्मान कार्ड का निर्माण सहित अन्य मुख्य बिंदुओं की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने शिक्षा विभाग,15वें वित्त आयोग से कराये जा रहे भवन निर्माण की समीक्षा, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना आदि की भी समीक्षा की। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने छात्रवृत्ति, आवासीय विद्यालय, जाहेर धान/सरना/ मसना/कब्रिस्तान घेराबंदी योजना,धुमकुड़िया/माझी थान का निर्माण, वनाधिकार पट्टा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, साइकिल वितरण योजना, छात्रावासों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार योजना की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि कोई भी जरूरतमंद योग्य लाभुक योजनाओं से वंचित न रहे इसका अधिकारी खास ध्यान रखें। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत, पेंशन वितरण, आँगनबाड़ी भवनों का निर्माण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित विभिन्न योजनाओं की उपायुक्त ने जानकारी ली एवं योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत, अबुआ आवास योजना (योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहा पेयजल



**कोटालपोखर :** बरहरवा प्रखण्ड अन्तर्गत कोटालपोखर में बढ़ती गर्मी और बढ़ते तापमान की वजह से जलस्तर का कम होना चिंता का विषय बनता नजर आ रहा है सरकार द्वारा निर्मित जलमिनार जो की कोटालपोखर धोबी टोला में स्थित है जिससे कोटालपोखर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में इसका इस्तेमाल किया जाता है। आवश्यकता अनुसार ग्रामीणों को जितना पानी इस जलमिनार के जरिये दिया जाता है उतने में ग्रामीणों का गुजर बसर करने में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों का मानना है की पेयजल की आपूर्ति में बढ़ोतरी होने से राहत मिल सकती है। वहीं एक तरफ ग्रामीणों का कहना है की जलमिनार में कर्मचारियों की संख्या बहुत कम होने से उनकी बात को सुनने और समझने वाला कोई नहीं ये भी एक बड़ा कारण है की जब कोई सुनने वाला ही नहीं तो आम जनता आखिर फरियाद किसके पास करें। तापमान अपनी चरम सीमा पर है अगर इस परिस्थिति में ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल का लाभ नहीं मिल पाया तो जो क्षेत्र के गरीब परिवार के लोग है जो इस जलमिनार के अधीन है उनके लिए बड़ी समस्या हो सकती है।

### पाइप लीकेज से बर्बाद हो रहा पीने का पानी



**राजमहल :** प्रखंड में शहर के विवेकानंद चौक के पास पिछले दो दिनों से शहरी जलापूर्ति के पाइप लिकेज होने के कारण सुबह, शाम हजारों लीटर पानी सड़क में बहने के कारण मुख्य सड़क पर हो रहे कीचड़ से लोगों को आवागमन करने में हो रही परेशानी को लेकर आसपास के लोगों एवं दुकानदारों के द्वारा नगर पंचायत के अधिकारी को शिकायत किया गया था। जिसे लेकर सोमवार को सुबह जेई मुकेश कुमार के देखरेख में ठीक करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

### समारोह पूर्वक गायत्री जयंती का होगा आयोजन



**देवघर :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के आह्वान पर गायत्री शक्तिपीठ डाबरग्राम के साधना कक्ष में उपजोन प्रभारी सह गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि आदरणीय बुद्धन प्रसाद वर्मा के की अध्यक्षता में गायत्री परिवार द्वारा गोष्ठी आयोजित की गई। इन्होंने शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।इसी क्रम में कार्यक्रम आयोजन की जानकारी देते हुए जिला संगठन प्रबंधन समन्वयक उमाकान्त राय ने बताया कि आगामी 16 जून रविवार को गायत्री जयंती समारोह पूर्वक मनाने,23 जून रविवार को जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन करने,7 जूलाई रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित करने, पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान तथा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से आ रहे ज्योति कलश रथयात्रा में समय दान करने वाले सदस्यों की सहमति से सर्व सम्मत निर्णय लिया गया। इस तरह गायत्री परिवार के सभी कार्यक्रम आयोजन का शुभ दिन रविवार ही पडा है। देवालय प्रबंधन समन्वयक बबिता सिंह ने शक्तिपीठ के आंतरिक व्यवस्था को सशक्त करने संबंधी अपनी विचार दी। वैदिक मंत्रों से तिलक चंदन से गोष्ठी का शुभारंभ किया गया तथा शांतिपाठ से समापन। कार्यक्रम में दर्जनों परिजन शामिल हुए जिसमें जिला संगठन प्रबंधन समन्वयक उमाकान्त राय, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी महेंद्र प्रसाद यादव,राम प्रसाद यादव, बरूण कुमार,रतन भारद्वाज, अनिल बाजपेई बबिता सिंह, क्रांति देवी, कंचन देवी,निशा देवी आदि सक्रिय रहे।

### पुलिस ने गो मांस के साथ एक महिला को किया गिरफ्तार



**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड मुख्यालय के महादानिया टोली में प्रतिबंधित मांस बेचने आए एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर घाघरा थाना ले गयी है। जानकारी के अनुसार कोटामाटी ग्राम निवासी शहनाज खातून अपने दामाद नसीम खान के साथ मोटरसाइकिल में आकर प्रखंड मुख्यालय के महादनिया टोली में प्रतिबंधित मांस बेच रही थी। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को मिली। उक्त सूचना पर घाघरा थाना ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर एसआई राहुल पासवान ने उक्त महिला को प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार कर थाना ले आए है। वहीं उसके दामाद नसीम खान भागने में सफल रहा। साथ में जिस मोटरसाइकिल से लाकर वह दोनों प्रतिबंधित मांस बेच रहे थे। उक्त मोटरसाइकिल को भी जाप्तकर थाना लाया गया है। उक्त महिला ने बताया कि 2 दिन पूर्व ही उसका दामाद दिल्ली से कोटामाटी आया था। इस संबंध में थानेदार तरुण कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा लगभग 3 .5 किलो प्रतिबंधित मांस महिला के द्वारा बेचते हुए पकड़ा गया। उक्त महिला ने खुद स्वीकार किया है कि वह लोहरदगा के सोमवार बाजार से प्रतिबंधित मांस लाकर घाघरा में बेच रही थी, इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# सत्तू, इडली-डोसा मिक्स पर जीएसटी को लेकर कंपनी पहुंची कोर्ट

**– सत्तू पर जीएसटी दर 5 है और इडली, डोसा व खमन मिक्स पर 18 फीसदी है**

**नई दिल्ली ।**

देश में अलग-अलग खाने के उत्पादों को जीएसटी की अलग-अलग श्रेणी में रखा गया है। इसी के आधार पर जीएसटी की दरें तय की गई हैं। इस मामले में गुजरात में सत्तू और इडली, डोसा व खमन मिक्स पर जीएसटी की दरों से जुड़ा विवाद सरकारी विभाग तक पहुंच गया। दरअसल सत्तू पर जीएसटी की दर 5 फीसदी है और इडली, डोसा व खमन मिक्स पर यह दर 18 फीसदी है। इस मुद्दे पर गुजरात अग्रिम निर्णय अपीलीय प्राधिकरण (जीएएआर) ने यह फैसला सुनाया है। प्राधिकरण ने कहा कि इडली, डोसा और खमन बनाने के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाना चाहिए। गुजरात स्थित किचन एक्सप्रेस ओवरसीज लिमिटेड ने जीएसटी अग्रिम प्राधिकरण के फैसले के खिलाफ एएआर से संपर्क किया था। कंपनी ने कहा था कि उसके 7 इंस्टेंट आटा मिक्स तैयार भोजन नहीं है और उन्हें खाना पकाने की कुछ प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। कंपनी गोटा, खमन, दालवाड़ा, दही-वड़ा, ढोकला, इडली और डोसा के आटे के मिश्रण को पाउडर के रूप में बेचती है। जीएएआर ने अपीलकर्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा कि इंस्टेंट आटा मिक्स बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री प्रासंगिक जीएसटी नियमों के तहत शामिल नहीं है, जैसा कि सत्तू के मामले में है। सीबीआईसी के परिपत्र के अनुसार सत्तू पर 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी लागू है। जीएएआर ने कहा कि अपीलकर्ता के उत्पादों में मसाले और अन्य सामग्री भी शामिल हैं, जबकि सत्तू के मामले में ऐसा नहीं है।

# पेटीएम ने पुनर्गठन को लेकर कर्मचारियों की छंटनी की

**नई दिल्ली ।**

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कर्मचारियों की छंटनी की है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह कर्मचारियों के सुचारू रूप से स्थानांतरण के लिए उन्हें आउटप्लेसमेंट सहायता उपलब्ध करा रही है। हालांकि बयान में कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है इसकी संख्या उजागर नहीं की गई। जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना था। कंपनी ने सोमवार को कहा कि कंपनी के मानव संसाधन दल 30 से अधिक कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं जो वर्तमान में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं। उन कर्मचारियों को सहायता प्रदान कर रही हैं जिन्होंने अपनी जानकारी साझा करने का विकल्प चुना है, जिससे उनके तत्काल दूसरी जगह भर्ती में मदद मिल रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था। फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष




2023-24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही में पीपीबीएल में 39 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 227 करोड़ रुपये के निवेश को बट्टे खाते में डाला है।

# सोने में गिरावट, चांदी हुई महंगी

**- सोना 71 हजार, चांदी लगभग 89,500 हजार रुपए**



**नई दिल्ली ।** इस सप्ताह के पहले दिन सोमवार को सोने के वायदा कारोबार में सुस्ती देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले, जबकि चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 71 हजार रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 89,500 हजार रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। हालांकि चांदी के वायदा भाव में बाद में तेजी देखी जाने लगी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 204 रुपये की गिरावट के साथ 71,149 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 307 रुपये की गिरावट के साथ 71,046 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 266 रुपये की तेजी के साथ 89,355 रुपये पर खुला। इस समय यह 390 रुपये की तेजी के साथ 89,479 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। लेकिन चांदी के भाव बाद में चढ़ गए कॉमेक्स पर सोना 2,311 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,325 डॉलर प्रति औंस था।` फिलहाल यह 11.70 डॉलर की गिरावट के साथ 2,313.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.25 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.44 डॉलर था। इस समय यह 0.13 डॉलर की तेजी के साथ 29.57 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# पेट्रोल और डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली ।**

नई सरकार के गठन के अगले दिन 10 जून को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। देश में ईंधन की कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड ऑयल की कीमतों पर निर्भर करती हैं।

क्रूड ऑयल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से भारत में ईंधन की कीमतों में बदलाव होता है। सोमवार को भी सभी शहरों में ईंधन की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल और डीजल की दरें क्रमशः 94.76 रुपये और 87.66 रुपये प्रति लीटर हैं। मुंबई में पेट्रोल 104.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.13 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। पेट्रोल की कीमत चेन्नई में 100.73 रुपये और डीजल की कीमत 92.32 रुपये है। कोलकाता में एक लीटर पेट्रोल 103.93 रुपये का और डीजल 90.74 रुपये पर मिल रहा है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 94.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.94 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.22 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.82 रुपये और डीजल 85.92 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.16 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर है।

# सुजलॉन एनर्जी ने कहा- कंपनी में कोई वित्तीय अनियमितता नहीं हुई

**नई दिल्ली ।**

अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन एनर्जी ने सोमवार को कहा कि स्वतंत्र निदेशक मार्क डेसेडेलेर के इस्तीफे के बाद संगठन में कोई वित्तीय अनियमितता या अनुपालन उल्लंघन नहीं हुआ है। बीएसई को दी जानकारी के अनुसार मार्क डेसेडेलेर ने हाल ही में इस्तीफा दे दिया। आठ जून 2024 को दिए जाने वाले अपने इस्तीफे में कंपनी के भीतर कॉर्पोरेट प्रशासन के मुद्दों को उठाया। मार्क डेसेडेलेर ने अपने इस्तीफे में कहा कि मैं पिछले 18 महीने में कंपनी द्वारा दर्ज किए गए परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

हालांकि इसी अवधि में और हाल ही में, कई ऐसी स्थितियां आईं जहां कंपनी द्वारा लागू किए गए कॉर्पोरेट प्रशासन के मानक मेरी अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। इनमें ऐसी स्थितियां भी शामिल हैं, जहां संचार में खुलेपन व पारदर्शिता का अभाव था जिनकी जानकारी में चाहता था।

उन्होंने कहा कि हमने इनमें से कई स्थितियों पर चर्चा की कुछ को निदेशक मंडल के सदस्यों के साथ साझा किया गया और मैंने हाल ही में आपको इन स्थितियों को लेकर एक पत्र भेजा है।

इस उम्मीद के साथ कि इस जानकारी का उपयोग सही तरीके से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर मैंने कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपने पद और सभी संबद्ध समिति सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला किया। सुजलॉन एनर्जी ने कहा कि कंपनी स्पष्ट रूप से दोहराती है कि संगठन के भीतर कोई वित्तीय अनियमितता या अनुपालन उल्लंघन नहीं है। हम पिछले वर्षों में कंपनी के लिए डेसेडेलेर के योगदान की सराहना करते हैं और आभारी हैं कि उन्होंने पिछले 18 महीनों में कंपनी के परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया था।

## जेएसडब्ल्यू की राजस्थान में एक जीडब्ल्यूएच बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना शुरू

**नई दिल्ली ।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने राजस्थान के फतेहगढ़ में एक जीडब्ल्यूएच क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना का निर्माण शुरू कर दिया है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी को हाल ही में सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) से इस परियोजना का ठेका मिला था। इस परियोजना में दो प्रतिष्ठान हैं, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 500 मेगावाट (एच) है। परियोजना को बिल्ड ओन ऑपरेट एंड ट्रांसफर (बीओओटी) तंत्र के तहत विकसित किया जाएगा और 12 साल बाद इसे 'ऑफटेकर' को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने कहा कि उसका लक्ष्य जून 2025 तक इस परियोजना को चालू करना है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमारी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना ग्रिड स्थिरता को बढ़ाने और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को एकीकृत करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है।



## एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी

**नई दिल्ली ।** इंजीनियरिंग समाधान प्रदाता एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने सोमवार को कहा कि वह भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी। कंपनी के अनुसार मैन पोर्टेबल काउंटर ड्रोन सिस्टम (एमपीसीडीएस) को एक्सिसकेड्स द्वारा विकसित किया गया है। बयान में कहा गया कि एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने भारतीय सेना से मिले 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत उन्नत काउंटर-ड्रोन प्रणालियों की आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी ने बिना कोई अतिरिक्त जानकारी दिए कहा कि उसका लक्ष्य 2024 के अंत तक पूरी आपूर्ति करने का है। एक्सिसकेड्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह भारतीय रक्षा बलों में मैन पोर्टेबल श्रेणी में शामिल किया जाने वाला पहला काउंटर ड्रोन सिस्टम है। इसको भारतीय सेना द्वारा कई स्थानों पर तैनात किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य अपने सशस्त्र बलों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए नवाचार करना और उन्नत सुरक्षा समाधान प्रदान करना जारी रखना है।

## नंदन डेनिम के शेयर ने पिछले 5 दिन में 18 फीसदी रिटर्न दिया

**नई दिल्ली ।** नंदन डेनिम के शेयर ने पिछले 5 दिन में निवेशकों को 18 फीसदी का रिटर्न दिया है जबकि पिछले 1 महीने में 23 फीसदी का रिटर्न दिया है। पिछले 6 महीने में नंदन डेनिम के शेयर 22 फ़ीसदी से अधिक का रिटर्न दे चुके हैं। पिछले 1 साल में नंदन डेनिम के शेयरों ने 19.50 रुपए के लेवल से 140 फीसदी का बंपर रिटर्न दिया है। नंदन डेनिम के शेयर 14 जून 2019 को 13.78 रुपए के निचले स्तर पर थे जहां से निवेशकों को 236 फीसदी का बंपर रिटर्न मिल चुका है। नंदन डेनिम लिमिटेड ने कुछ दिन पहले ही पिछले वित वर्ष की मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए थे जिसमें उसका मुनाफा 8000 फीसदी बढ़ गया था। नन्दन डेनिम के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स ने स्टॉक स्प्लिट की घोषणा की है जिसके बाद इसके शेयर लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं। सोमवार 17 जून को नंदन डेनिम लिमिटेड के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स की बैठक होने वाली है जिसमें शेयरों के सबडिवीजन या स्प्लिट पर चर्चा की जाएगी।

## यूपीआई डाउन की वजह एनपीसीआई नहीं, नेटवर्किंग लिंक्स भी हैः आरबीआई

**नई दिल्ली ।** पिछले कुछ दिनों से यूपीआई पेमेंट भुगतान में समस्या की शिकायतें सामने आ रही हैं। भुगतान फेल होने के बाद कई लोग लगातार सोशल मीडिया पर अपने अनुभव शेयर कर रहे हैं। एनपीसीआई के आंकड़े कहते हैं कि प्रतिदिन 450 मिलियन से अधिक यूपीआई लेन-देन हो रहे हैं, और मई 2024 में, बैंकों ने 31 बार डाउनटाइम का अनुभव किया। इसके कारण पेमेंट गेटवे 47 घंटे से अधिक समय के लिए ऑफ़लाइन रहे। इसको लेकर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि इसमें नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) का कसूर नहीं है। ऐसा बैंकों द्वारा इस्तेमाल की जा रही पुरानी टेक्नोलॉजी की वजह से हो रहा है। आरबीआई की पॉलिसी मीटिंग की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि यूपीआई पेमेंट में डाउनटाइम की वजह एनपीसीआई या उसका इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है, इसके बजाय, बैंक की तरफ से ये दिक्कत हो रही है, जिसमें नेटवर्किंग लिंक्स भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस इशू को उठाया गया है और इसके समाधान भी होंगे। डिजिटल पेमेंट्स फेल हो रहे हैं, जिससे बैंकिंग ग्राहकों को वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से, 4 जून को कई निवेशक बाजार में गिरावट के दौरान लेन-देन करने में असमर्थ रहे, जिसके परिणामस्वरूप फाइनेंशियल अवसरों का नुकसान हुआ। रेगुलेट की गई संस्थाओं को सभी सिस्टम आउटेज की रिपोर्ट देनी होती है, चाहे वे निर्धारित हों या एकाएक आई हुईं। आरबीआई इन घटनाओं को कम से कम करने का प्रयास कर रहा है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत.....जल्द बनेगा दुनिया तीसरी अर्थव्यवस्थाः सीआईआई

**नई दिल्ली ।**

कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक गति जारी रहेगी और यह दुनिया के शीर्ष तीन देशों में जल्द शामिल होगा। सीआईआई के प्रेसिडेंट संजीव पुरी ने कहा, लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के लिए उन्हें बधाई हैं। पुरी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 8.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। उनके नेतृत्व में अगले चरण के सुधारों के जरिए भारत वैश्विक अवसरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकता है। साथ ही बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव काफी मजबूत है। माना जा रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था जल्द जापान को पछाड़ कर दुनिया की चौथी-सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। मोदी सरकार की ओर से भी हाल ही में कहा गया था कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 में जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए बड़ा पल है और भारतीय उद्योग नई सरकार के साथ काम करने को लेकर उत्साहित है। इससे देश का तेजी से विकास होगा। सीआईआई के डायरेक्टर जनरल चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास का सुनहरा अध्याय शुरू होगा। बनर्जी ने कहा कि सीआईआई अगले चरण के सुधारों पर सभी पक्षकारों की सहमति बनाने के लिए अपनी पहल तेज करेगा। साथ ही कहा कि हम नई सरकार के साथ भारत के डेमोग्राफिक डिविडेंड को अनलॉक करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्रों में काम करने को तैयार है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 203, निफ़्टी 30 अंक नीचे आया**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। आज कारोबार के दौरान आईटी शेयरों के साथ ही एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट आई। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 203.28 अंक करीब 0.27 फीसदी नीचे आकर 76,490.08 पर बंद हुआ। दिन के दौरान सेंसेक्स 385.68 अंक करीब 0.50 फीसदी बढ़कर 77,079.04 के शीर्ष स्तर पर पहुंचा था। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी भी 30.95 अंक तकरीबन 0.13 फीसदी टूटकर 23,259.20 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार यह 121.75 अंक या 0.52 फीसदी ऊपर आकर 23,411.90 के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया था।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर नीचे आये। वहीं दूसरी ओर दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, एनटीपीसी, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक के शेयर लाभ के साथ ही बढ़े। सेक्टर के हिसाब से देखें तो पीएसयू बैंक, फार्मा, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। आईटी, फिन सर्विस, मेटल और ऑयल एंड गैस लाल निशान में थे। बाजार में गिरावट लार्जकैप तक ही सीमित थी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 41 अंक या 0.08 फीसदी बढ़कर 53,235 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 259 अंक या 1.51 फीसदी बढ़कर 17,475 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 17 शेयर लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक और टीसीएस टॉप लूजर्स थे। अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले, एनटीपीसी, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक टॉप गेनर्स थे।

जानकारों का कहना है कि भारतीय शेयर बाजार के पास बढ़ने के लिए अभी कुछ नहीं है। नई सरकार बन गयी है और स्थिर भी है। ऐसे में लगता है कि कुछ दिनों तक बाजार एक सीमित दायरे में ही कारोबार कर सकता है। अमेरिकी फेड की ओर से ब्याज दर में कमी को लेकर दिए गए बयान पर आने वाले समय में बाजार की चाल निर्भर करेगी। अन्य बाजारों की बात करें तो एशिया का बाजार जापान का निक्की लाभ पर बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरियाई कॉस्पी में गिरावट रही। चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग छुट्टियों के कारण बंद रहे जबकि यूरोपीय बाजार में गिरावट दर्ज की गयी। इससे पहले आज सुबह बाजार शुरूआती कारोबार में सार्वजेनिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। निवेशकों ने घरेलू मामलों पर ध्यान केंद्रित किया और नई सरकार से स्थिरता की उम्मीद के साथ बाजार के सेंटीमेंट को समर्थन मिला। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स उछाल के साथ 76,935.41 पर खुला और खुलते ही 77 हजार के स्तर को पार करते हुए 77,079.04 तक चला गया। सेंसेक्स लगातार चौथे दिन तेजी के साथ पहली बार 77,000 अंक के पार पहुंच गया। दूसरी तरफ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी-50 लगभग सपाट खुला और शुरुआती कारोबार में 23,411.90 अंक के सार्वजेनिक उच्च स्तर तक चला गया

# रिजर्व बैंक मानसून में करोड़ों लोगों को दे सकता है राहत

**- ब्याज दरों में कटौती होने पर हो सकते हैं खुदरा लोन सस्ते, घट सकती है ईएमआई**

**नई दिल्ली ।**

विश्लेषकों का कहना है कि रिजर्व बैंक मानसून में करोड़ों लोगों पर राहत की बारिश कर सकता है और 16 महीने से जारी सूखे से राहत मिल सकती है। विश्लेषकों का कहना है कि इस बार यह कयास हवा में नहीं लगाया जा रहा, बल्कि कई बड़ी और ठोस वजहें हैं। रिजर्व बैंक की अगली बैठक अगस्त में होने वाली है और यह कई मायनों में बेहद खास होगी। दरअसल, रिजर्व बैंक ने पिछली 8 बैठकों में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। हर बैठक 2 महीने के अंतराल पर होती है। इस लिहाज से बीते से 16 महीने से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं हुआ। रेपो रेट 6.5 फीसदी पर बरकरार है। रेपो रेट वह दर होती है, जिसके आधार पर बैंक अपने लोन की ब्याज दरें तय करते हैं। इसमें कटौती होने पर सभी तरह के खुदरा लोन भी सस्ते हो जाते हैं और ईएमआई घट जाती है। रिजर्व बैंक के हाथों को सबसे ज्यादा महंगाई ने थाम रखा है। महंगाई काबू में आते ही आरबीआई के हाथ भी खुल जाते हैं। खासकर खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर अभी 5 फीसदी से नीचे चल रही है और आने वाले समय में यह 4 फीसदी के आसपास रहने का अनुमान है। बुनियादी चीजों की महंगाई दर भी 11 महीने में 2 फीसदी नीचे आ चुकी है। आरबीआई ने 2024-25 के लिए खुदरा महंगाई की वृद्धि दर 4.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। सिर्फ महंगाई नहीं, देश की मजबूत विकास दर भी ब्याज दरों में कटौती का आधार तैयार कर रही है। वित्तवर्ष 2023-24 में भारत की विकास दर 8.2 फीसदी रही है। इसके अलावा जीएसटी कलेक्शन हो या विनिर्माण क्षेत्र की ग्रोथ हर जगह तेज वृद्धि दिख रही है। भारत का सर्विस सेक्टर भी मजबूत





बना हुआ है। भारतीय मौसम विभाग ने इस बार खरीफ की फसल की पैदावार बढ़ने का अनुमान लगाया है. मौसम विभाग को भरोसा है कि इस बार मानसून अच्छा रहेगा और पैदावार अच्छी होने से ग्रामीण क्षेत्र की खपत भी बढ़ जाएगी. यही कारण है कि आरबीआई ने चालू वित्तवर्ष का विकास दर अनुमान भी 7 फीसदी से बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया है।

## यात्री वाहन की खुदरा बिक्री मई में एक फीसदी घटी

**नई दिल्ली ।** चुनाव, भीषण गर्मी और बाजार में नकदी की समस्या के कारण मांग प्रभावित होने से मई में घरेलू यात्री वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर एक प्रतिशत की गिरावट आई। उद्योग निकाय फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। यात्री वाहनों का पंजीकरण मई में घटकर 3,03,358 इकाई रह गया, जबकि मई 2023 में यह 3,35,123 इकाई था। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के एक अधिकारी ने कहा कि डीलरों ने कहा कि बेहतर आपूर्ति, कुछ लंबित बुकिंग और छूट योजनाओं के बावजूद नए मॉडल की कमी, तीव्र प्रतिस्पर्धा और मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) द्वारा खराब विपणन प्रयासों ने भी बिक्री को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी के कारण शोरूम में आने वाले ग्राहकों की संख्या में करीब 18 प्रतिशत की गिरावट आई है। मई में दोपहिया वाहनों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 15,34,856 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 14,97,778 इकाई थी। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 98,265 इकाई हो गई। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री पिछले महीने चार प्रतिशत बढ़कर 83,059 इकाई रही, जबकि मई 2023 में यह 79,807 इकाई थी। फाडा 15,000 से अधिक मोटर वाहन डीलरशिप का प्रतिनिधित्व करता है। उसने देश भर के 1,503 आरटीओ में से 1,360 से वाहन खुदरा आंकड़े एकत्र किए हैं।

# भीषण गर्मी को देखते हुए 11 से 15 जून तक सभी स्कूल बंद शिक्षकों की भी छुट्टी

**बिहार।** में भीषण गर्मी को देखते हुए 11 से 15 जून तक सभी स्कूल बंद रहेंगे। शिक्षकों को भी स्कूल नहीं आना होगा। हीट वेब के रेड अलर्ट को लेकर यह छुट्टी दी गई है। शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। मौसम विभाग ने पटना समेत बिहार के 13 जिलों में गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। बता दें कि आज से बिहार के सरकारी स्कूल में पढ़ाई शुरू हुई थी। गर्मी की वजह से फिर से स्कूलों में बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। शेखपुरा में 6, जमुई में 6, छपरा में एक, पटना के बिहटा में एक, बांका में



शिक्षिका समेत 10 और बक्सर में एक छात्र-छात्राओं की तबीयत खराब हो गई। वहीं, बांका और भोजपुर में दो लोगों की मौत हो गई है। बक्सर में स्कूली छात्रा को खाट पर अस्पताल ले जाया गया। वहीं, बिहटा में छात्रा की नाक से खून निकलने लगा। इन सभी जिलों में पारा 40 डिग्री के पार है। बिहार में अगले 48 घंटे तक भीषण गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 16 जिलों में भीषण लू चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें बांका, लखीसराय, बेगूसराय, शेखपुरा, नवादा, नालंदा, जहानाबाद, गया, पटना, अरवल, औरंगाबाद रोहतास, कैमूर, बक्सर, और भोजपुर शामिल हैं। इसके अलावा अन्य बचे सभी जिलों में लू चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार बिहार के मैदानी भाग के तापमान में इन दोनों इजाफा देखने को मिला है। वहीं, राजस्थान से आने वाली पछुआ हवाओं ने मध्य एवं दक्षिण बिहार का पारा बढ़ा दिया है। पूर्वी भाग में बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के कारण आर्द्रता बढ़ रही है। इससे उसम के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। प्रदेश के 10 जिलों में सामान्य से 6 डिग्री पारा रविवार को अधिक रहा। रविवार को भी पटना समेत प्रदेश के 12 जिले ऐसे रहे जो की भीषण लू की चपेट में रहे। जिसमें पटना, गया शेखपुरा, जमुई, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, बांका, नवादा, राजगीर, अरवल और मुंगेर शामिल हैं। 11 जून को राज्य के जमुई, बांका समेत दक्षिण-पश्चिम एवं दक्षिण मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर लू के साथ तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटा) की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना और राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग एवं पटना, गया, नालंदा जिलों के एक या दो स्थानों पर हॉट नाइट की संभावना है। 12 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर लू (उष्ण लहर) की संभावना और राज्य के उत्तर-पश्चिम, मध्य एवं दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है।


## फर्नीचर व्यापारी को कहा-पूर्णिया में 5 साल रहना है तो पैसा दो जान से मारने की दी धमकी



**पूर्णिया।** से सांसद पप्पू यादव पर फर्नीचर व्यवसायी से 1 करोड़ 25 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत करते हुए फर्नीचर व्यवसायी राजा भगत ने सांसद पप्पू यादव और समर्थक अमित यादव के खिलाफ मुफस्सिल थाना में FIR दर्ज कराया है। मुफस्सिल थाना में दी गई लिखित शिकायत में मां फर्नीचर के मालिक ने बताया कि 2 अप्रैल 2021 को राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव द्वारा 10 लाख रुपए रंगदारी के रूप में मांगी गई थी। इसके बाद 2023 के दुर्गा पूजा के दौरान मोबाइल कॉल और वॉट्सऐप कॉल पर 15 लाख रुपए और 2 सोफा सेट मांगने के साथ ही उन्हें धमकी दी गई थी। गाली गलौज भी किया गया था। लोकसभा चुनाव के दौरान 5 अप्रैल को भी पप्पू यादव के खास अमित यादव ने मोबाइल पर करीब 10 से 15 कॉल करके 25 लाख की रंगदारी मांगते हुए अर्जुन भवन पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के आवास पर बुलाया था। इसके बाद 4 जून को 1 करोड़ की रंगदारी मांगी गई। अमित यादव ने धमकी देते हुए कहा कि रंगदारी रकम लेकर चले आओ, नहीं तो 5 साल पूर्णिया में ही रहना है। रंगदारी की ये रकम दो या फिर पूर्णिया छोड़कर चले जाओ। अगर नहीं दिए तो जान से हाथ गंवाना पड़ेगा। इस मामले पर पप्पू यादव की ओर से अब तक कोई बयान सामने नहीं आ पाया है। बता दें कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलौरी बायपास में मां फर्नीचर सेंटर है।

## ललन को पंचायती तो गिरिराज के पास टेक्सटाइल का जिम्मा

**पटना।** मोदी सरकार के विभागों का बंटवारा सोमवार शाम 6:30 बजे किया गया। इसमें चिराग पासवान को फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय दिया गया है। मांझी को सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय मिला है। बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह को टेक्सटाइल मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय. की जिम्मेदारी दी गई है। नित्यानंद राय को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, रामनाथ ठाकुर को कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री,



सतीश चंद्र दुबे को खनिज और कोयला राज्यमंत्री, राज भूषण चौधरी को जल शक्ति राज्यमंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। चिराग पासवान को वही मंत्रालय दिया गया है, जो उनके चाचा पशुपति कुमार पारस को जिम्मेदारी दी गई थी। गिरिराज सिंह को 2014 के मोदी कार्यकाल में केंद्र में राज्य मंत्री बनाया गया था। वहीं 2019 में इन्हें पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग का मंत्रालय दिया गया था। इस बार रेल मंत्रालय अश्विनी वैष्णव के पास गया है। इस्पात मंत्रालय पहले चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान के पास था। इसलिए उम्मीद जताई जा रही थी कि चिराग को इस विभाग का जिम्मा दिया जा सकता है। नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 में बिहार से 8 सांसदों को मंत्री बनाया गया है। इसमें दो भूमिहार, दो दलित, एक यादव, एक ईबीसी, एक ब्राह्मण और एक मल्लाह जाति से हैं। मोदी सरकार में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब किसी राजपूत जाति के सांसद को मंत्रालय में जगह नहीं दी गई है। इससे पहले मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में इस कोटे से राधा मोहन सिंह और राजीव प्रताप रुढ़ी तो दूसरे कार्यकाल में आरके सिंह को जगह दी गई थी। मुजफ्फरपुर से राजभूषण चौधरी को मंत्री बनाया गया है। न केवल बीजेपी बल्कि सहयोगी पार्टी की तरफ से भी राजपूतों को तवज्जो नहीं दी गई है।

## नालंदा पुलिस-खनन विभाग की टीम पर की थी फायरिंग मामले में 51 लोग थे नामजद

**बिहार।** शरीफ नगर थाना की पुलिस ने राजद से MLC प्रत्याशी रहे वीरेन यादव को अरेस्ट कर लिया है। वीरेन यादव पर अवैध बालू खनन, पुलिस पर फायरिंग समेत कई मामले दर्ज हैं। वीरमणी उर्फ वीरेन यादव नगर थाना क्षेत्र के ही नकटपुरा गांव का रहनेवाला है। इधर, वीरेन यादव के अरेस्टिंग की जानकारी मिलने के बाद राजद ने भी उस पर कार्रवाई की है। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। जानकारी के अनुसार नालंदा पुलिस एवं खनन विभाग की



टीम ने गुरुवार की रात संयुक्त रूप से कार्रवाई कर थाना क्षेत्र के नकटपुरा एवं गोइठवा नदी के किनारे अवैध बालू व मिट्टी खनन रोकने के लिए घेराबंदी कर छापेमारी की थी। इस दौरान टीम ने पांच धंधेबाज को गिरफ्तार किया था। वहीं 11 ट्रैक्टर, तीन बाइक व एक जेसीबी को भी जब्त किया था। अपने साथियों को छुड़ाने के लिए बदमाशों के द्वारा पुलिस पर फायरिंग एवं रोड़ेबाजी की गई थी। इस मामले में कुल 51 लोगों को नामजद जबकि कुछ अज्ञात को अभियुक्त बनाया गया था। इसी मामले में पुलिस ने वीरेन यादव को शनिवार की रात अरेस्ट किया था। नगर थाना अध्यक्ष रामाशंकर सिंह ने बताया कि पुलिस ने थाना क्षेत्र से वीरेन यादव को गिरफ्तार किया है।

## संक्षिप्त डायरी

### पूर्व विधायक शांति देवी ने आईजीआईएमएस में ली अंतिम सांस मुंगेर में होगा अंतिम संस्कार



**जमुई।** के बरहट निवासी पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव और बिहार के पूर्व मंत्री विजय प्रकाश की मां पूर्व विधायक शांति देवी का निधन सोमवार की सुबह पटना में इलाज दौरान एहो गया। उन्होंने पटना के आईजीआईएमएस में अंतिम सांस ली है। उनका आज देर शाम उत्तरवाहिनी गंगा घाट लाल दरवाजा में अंतिम संस्कार होगा। इसके लिए राजद के वरीय नेता भी सम्मलित होंगे। बताया जाता है कि वे काफी समय से बीमार चल रही थीं। शांति देवी करीब 95 साल की थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही जिलेवासियों में शोक की लहर है। शांति देवी का राजनीतिक जीवन काफी उतार- चढ़ाव से भरा रहा। वह एक बार विधायक रही। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर के दौरान बरहट प्रखंड प्रमुख के रूप में चुनी गई। इसके बाद शांति देवी राजद के टिकट पर मुंगेर जिले के खड़गपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ी थी और वहां से जीत दर्ज की। उन्होंने परिवार के साथ समाज को सजाने-संवारने में अहम भूमिका निभाई। इनके निधन से राजद, भाजपा ईकाई ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस नेता ई. आईपी गुप्ता, बरहट प्रखंड प्रमुख रूबेन सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजनंदन सिंह आदि शामिल हैं। पूर्व श्रम संसाधन राज्य मंत्री विजयप्रकाश ने बताया कि उनकी मां बीमार चल रही थी। सोमवार को उनका निधन हो गया। उनके चाहने वाले उनके पैतृक गांव बरहट में आ रहे। राजद के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश नारायण यादव ने बताया कि उनकी मां काफी दिनों से बीमार थी और उनका इलाज पटना में किया जा रहा था। उनकी मौत पर शोक की लहर है।

### नालंदा पर 4 विकेट से जीत किया दर्ज 101 रन बनाकर इशु बने मैन ऑफ द मैच

**नालंदा।** मगध जोन श्यामल सिन्हा अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में मगध जोन का आज अंतिम मैच खेला गया। जिसमें नवादा ने नालंदा पर 4 विकेट से जीत दर्ज किया। आज खेले गए मैच में नालंदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 214 रन बनाए। नालंदा की ओर से लक्ष्य प्रकाश ने 2 छक्के और 13 चौके की मदद से अर्धशतक 90 रन बनाए, मोहम्मद आयान अरमान ने 39, नीरज ने 29, राजगुरु ने 17 और कृष्णा कन्हैया ने 15 रन का योगदान दिया। नवादा की ओर से गेंदबाज राज पांडेय 3 विकेट, मोहम्मद जावेद ने 2 और शुभम, दिवेश और इशू ने क्रमश एक-एक विकेट अपने नाम किया। जवाब में खेलने उतरी नवादा की टीम ने इशू कुमार के शतक 101 रन की पारी से 29.4 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। नवादा की ओर से इशू ने 101 रन, पृथ्वी ने 35 रन, निमेष ने 28 रन, विक्रम ने नाबाद 18 रन और अंकित ने 14 रन का योगदान दिया। नालंदा के गेंदबाज विनीत कुमार ने 4 विकेट, अंकित और नीरज ने एक एक विकेट अपने नाम किया। नवादा के इशू कुमार को मैन ऑफ दी मैच दिया गया। इस मौके पर सय्यद मोहम्मद जावेद इकबाल, शांतोष कुमार पांडेय, गोपाल सिंह, हैदर अली, प्रोफेसर संजय कुमार, दीपक कुमार, सीनियर अम्पायर सह कोच परवेज मुस्तफा आयोजन को सफल बनाने के लिए उपस्थित रहे।

### पटना में 25 हजार पुलिसकर्मियों को दी जा रही ट्रेनिंग आईओ को मिलेगा लैपटॉप और स्मार्टफोन

बिहार पुलिस की ओर से नए कानून को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को पटना के बापू सभागार में प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अगले तीन दिन तक चलेगा। इसमें 25 हजार पुलिसकर्मी प्रशिक्षण ले रहे हैं। ये अलग-अलग तीन फेज में चलेगा। वेब कास्टिंग के जरिए बिहार के लगभग सभी जिलों के एक तिहाई अनुसंधानकर्ता, सुपरवाइजिंग ऑफिसर इस कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं। इन सभी को 1 जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में गहन जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के डीजीपी आरएस भट्टी ने किया। मुख्यालय एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि बहुत जल्द कोर्ट से वारंट और कुर्की का ऑर्डर भी डिजिटल ही मिलेगा। सब कुछ डिजिटल होगा। इस दिशा में भी काम बहुत तेजी से चल रहा है। एडीजी पुलिस मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि नए अपराधिक कानून के अलावा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुसंधान के समय में कैसे विधि विज्ञान का प्रयोग कर सकते हैं और किस तरह से डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा दे सकते हैं। इसके बारे में भी पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। गंभीर अपराध के घटनास्थल पर उपलब्ध साक्ष्य को किस तरह से संकलन करना है। घटनास्थल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कैसे करानी है। इसके लिए विधि विज्ञान के विशेषज्ञ भी मौजूद हैं। इनके द्वारा पदाधिकारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। पुलिस अपना डिजिटलाइजेशन पूरी कर ली है, अब सीसीटीएनएस को बहुत जल्द आईसीजेएस से जोड़ दिया जायेगा। यानी पुलिस पूरी तरह से डिजिटल होगी। अनुसंधान कताओं को लैपटॉप और स्मार्ट फोन भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्हें इससे काम करने में काफी सहूलियत मिलेगी।

## गोपालगंज में 7 लैपटॉप 42 मोबाइल जब्त प्रयागराज पुलिस से मिली थी जानकारी

**गोपालगंज।** के नगर थाना क्षेत्र के भीतभेरवा गांव स्थित किराए के मकान में रह रहे 12 साइबर गिरोह के सदस्यों को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। साथ ही भारी मात्रा में मोबाइल लैपटॉप, सिम, एटीएम कार्ड और पास बुक बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों से पुलिस ने पूछताछ के बाद इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह साइबर गिरोह प्रतिबंधित ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से साइबर आपराधिक वारदात को



अंजाम देते थे। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि साइबर गिरोह के कुछ सदस्य सक्रिय है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। एसपी स्वर्ण प्रभात ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गठित टीम ने नगर थाना क्षेत्र के भितभेरवा गांव स्थित विक्की गुप्ता के किराए के घर पर छापेमारी कर ऑनलाइन गेमिंग और स्कैम कर लोगों को ठगने वाले 12 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 7 लैपटॉप, 42 मोबाइल, 75 सिम कार्ड और 16 एटीएम कार्ड, पासबुक आदि को बरामद किया है। इस संबंध में कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी किराए के मकान में रहकर एक कॉल सेंटर चला रहा था और इसके जरिए स्कैम करते थे। छापेमारी के क्रम में साक्ष्य मिटाने के लिए 5 लैपटॉप का स्क्रीन अपराधी ने तोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि यूपी के प्रयागराज जिले की डीसीपी श्रद्धा पाण्डेय ने साइबर अपराध से जुड़ा एक गैंग प्रयागराज में पकड़ा था । इससे पूछताछ के आधार पर इस गैंग की जानकारी उन्हें मिली थी।

## पुलिस टीम पर लाठी-डंडों से हुआ हमला



**बेतिया।** के रामनगर थाना क्षेत्र के बभनी गांव के समीप पुलिस टीम पर हमला हुआ है। पेड़ काटने की शिकायत पर नरकटियागंज से डायल-112 की टीम पहुंची थी। इस दौरान पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की की गई। साथ ही पुलिस टीम को बंधक बना लिया गया। तकरीबन 1 घंटे तक पुलिस टीम को बंधक बनाए रखा गया। बताया जा रहा है कि जैसे ही डायल 112 पुलिस की गाड़ी वहां पहुंची, दर्जनों लोगों ने पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की की। साथ ही लाठी-डंडों के बल पर उन्हें लगभग 1 घंटे तक बंधक बना कर रखा। महिला पुलिस पदाधिकारी को भी बंधक बना लिया गया। इनके साथ दुर्व्यवहार किया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही रामनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। टीम पर हमला हुआ और उन्हें बंधक बनाया गया। पुलिस अब आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने में जुटी है।

## जमुई में युवक गिरकर हुआ था बेहोश परिजन बोले-गर्मी के कारण गई जान



**जमुई।** के झाझा में एक युवक की मौत बाथरूम में अचानक गिरकर बेहोश होने से हो गई। आनन-फानन में युवक को परिजनों ने उसे इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इधर, युवक की मौत की सूचना पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान 25 साल के सुनील कुमार के रूप में हुई है। युवक पैथोलॉजी लैब चलाता था। बताया गया कि सुनील दोपहर की कड़ी धूप में कुछ जरूरी काम करके घर आया था। घर आते ही नहाने के लिए बाथरूम में चला गया। नहाने के दौरान वह अचानक गिरकर बेहोश हो गया। बेहोशी के हालात में युवक को इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, युवक की मौत के सूचना पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ अस्पताल परिसर में जुट गई। चाचा राजीव रंजन ने बताया कि नहाने के लिए बाथरूम में गया था। वह नहाने के दौरान बेहोश होकर गिर गया। पड़ोसी बबलू कुमार मंडल ने बताया कि वह अपना काम करके बाहर से घर आया था तभी गर्मी अधिक होने के कारण वह नहाने के लिए चला गया। कारण उसकी मौत हो गई।

## प्रेमी की ब्लैकमेलिंग से परेशान युवती ने किया सुसाइड

**सीवान।** में प्रेमी की धमकी से परेशान होकर प्रेमिका (20) ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आरोपी युवक की जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई। वहीं, पुलिस ने आरोपी युवक को जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है। मृतक युवती दरौली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली थी। वहीं, आरोपी युवक दरौली थाना क्षेत्र के दरौली बाजार निवासी सोनू साह (28) है। वह सीएसपी संचालक है। युवती उसके ऑफिस में 6 महीने पहले काम करने गई थी, जहां दोनों के बीच संबंध बन गए। युवती के परिजनों का आरोप है कि आरोपी उनकी बेटी का 4 महीने से शारीरिक शोषण कर रहा था। इस दौरान उसने मृतका के



प्राइवेट मोमेंट का फोटो-वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। बताया गया कि आरोपी युवक दरौली से सटे बाजार टड़वा में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का सीएसपी चलाता था। उसी में युवती भी काम करती थी। काम के दौरान दोनों एक दूसरे के करीब आ गए और उनके बीच प्रेम प्रसंग चलने लगा। युवक ने धोखे से युवती का आपत्तिजनक तस्वीर और वीडियो बना लिया। फोटो-वीडियो वायरल कर देने की धमकी देते हुए 4 महीने से शारीरिक शोषण भी करता रहा। इधर, करीब एक माह पहले पीड़िता ने अपने परिवार वालों को घटना की पूरी जानकारी दी। बात पंचायत में पहुंची। करीब 25 दिन पहले पंचायत में मामला खत्म कर दिया गया। बावजूद इसके आरोपी युवक युवती को ब्लैकमेल करता रहा। 15 दिन पहले आपत्तिजनक फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया, जो वायरल हो गया। युवती की मां ने आगे आरोप लगाया कि आरोपी युवक ने बेटी के बैंक अकाउंट में 40 हजार रुपया डाल दिया। बाद में बेटी से एटीएम कार्ड लेकर पैसा भी निकाल लिया। रविवार की शाम वह युवती के घर पर पहुंचा और उसपर पैसे चोरी कर लेने का आरोप लगाया। मारपीट करते हुए गाली-गलौज भी की। फोटो-वीडियो वायरल होने और पैसा चोरी होने से आहत युवती ने रविवार की रात अपने कमरे में दुपट्टे से फंदा बना कर आत्महत्या कर ली। आज शव का सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया है। फोटो-वीडियो वायरल होने और पैसा चोरी होने से आहत युवती ने रविवार की रात अपने कमरे में दुपट्टे से फंदा बना कर आत्महत्या कर ली। आज शव का सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया है। इधर, सोमवार सुबह ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर आरोपी युवक को तुरंत गिरफ्तार कर लेने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक आरोपी पकड़ा नहीं जाता, तब तक सड़क जाम नहीं हटाएंगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों को समझाकर सड़क जाम हटवाया। करीब 4 घंटे तक मैरमा-दरौली मेन रोड जाम रहा। थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि पीड़ित परिजन से प्राप्त आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है। जल्दी ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।



# गर्मी के मौसम में ऑफिस के लिए बेस्ट रहेंगे ये सलवार-सूट

**स्टाइलिश दिखने के लिए आपको बॉडी टाइप के हिसाब से ही सूट के डिजाइन को चुनना चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी के लुक्स को री-क्रिएट करें।**

सलवार-सूट पहनना हम सभी को पसंद होता है। वहीं इसमें आपको कई तरह के डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। बदलते फैशन के दौर में आपको और खासकर गर्मी के मौसम में हम स्किन फ्रेंडली फैब्रिक और डिजाइन के कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं ज्यादातर ऑफिस जाने के लिए हम सिंपल और मिनिमल डिजाइन के कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं ऑफिस में पहनने के लिए सलवार-सूट के कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन लुक्स को आकर्षक बनाने के कुछ आसान टिप्स

## ए-लाइन सूट

खासकर प्लस साइज इस तरह की स्ट्रैट फिटिंग वाले सलवार-सूट को पहनना सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए यह आपकी बॉडी को फ्लेयर के साथ परफेक्ट और स्लिम लुक देने में सहायता करते हैं। बदलते दौर में इस तरह में आजकल घुटने तक और फ्लोर लेंथ सूट को पसंद किया जा रहा है।

## लूज डिजाइन सूट

आजकल पाकिस्तानी स्टाइल लूज डिजाइन के सलवार-कमीज काफी चलन में हैं। इसमें आपको धोती व एंकल लेंथ वाली पैन्ट्स के साथ में कई डिजाइन के सूट देखने को मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो इसमें आलिया कट और नायरा कट सूट के डिजाइन को काफी पसंद किया जा रहा है।

## अंगरखा डिजाइन सूट

फैंसी लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह के फंट डोरी यानी अंगरखा डिजाइन के सूट को वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आजकल फ्लोर टच लेंथ को काफी ज्यादा सराहा जा रहा है। वहीं डोरी को हैवी और फैंसी लुक देने के लिए आप इसमें लटकन भी लगवा सकती हैं।




# बैंक से जुड़े किसी भी काम को आसानी से निपटाने के लिए कर सकते हैं इन तरीकों का इस्तेमाल

**AePS, आधार नंबर और फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन की मदद से वेरिफिकेशन करके, माइक्रो-एटीएम से वित्तीय लेनदेन करने की सुविधा देता है। इससे बैंक से जुड़े किसी भी काम को आसानी से निपटा सकते हैं।**

बैंक से जुड़े किसी भी काम कराने के लिए कई बार हमें लंबी लाइनों में लगना पड़ता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, बिना लाइन में खड़े हुए भी आप बैंक से जुड़े किसी भी काम को सिर्फ आधार कार्ड के जरिए कर सकते हैं।

## आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम = बैंकों की लंबी लाइन से मिलेगी आजादी

नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा शुरू किया गया आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह ग्रामीण और क्षेत्रीय क्षेत्रों में खास तौर से फायदेमंद है, जहां बैंक शाखाएं कम हैं और लोगों को बुनियादी बैंकिंग कार्यों के लिए लंबी लाइन खड़ी करनी पड़ती है। यह एक डिजिटल लेन-देन प्रणाली है, जो आधार प्रमाणीकरण का इस्तेमाल करके वित्तीय लेन-देन की सुविधा देती है। AePS, आधार नंबर और फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन की मदद से वेरिफिकेशन करके, माइक्रो एटीएम से वित्तीय लेनदेन करने की सुविधा देता है।

## AePS क्या है?

AePS एक बैंक-आधारित मॉडल है, जो आधार कार्ड और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन का इस्तेमाल करके कस्टमर को अलग-अलग बैंकिंग लेनदेन करने की सुविधा देता है। इसका मतलब है कि आपको बैंक शाखा में जाने या एटीएम का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है। आप किसी भी AePS-सक्षम कियोस्क या माइक्रो एटीएम पर जाकर लेनदेन कर सकते हैं।

## AePS की खासियत

- यह आधार कार्डधारकों को आसानी से लेनदेन शुरू करने और खत्म करने की सुविधा देता है।
- यह बैंकों को अपने शाखा नेटवर्क से बाहर के ग्राहकों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने में मदद करता है।
- यह वंचित क्षेत्रों में बुनियादी बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में मददगार है।
- यह सरकारी हकदारियों, जैसे कि मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और विकलांग वृद्धावस्था पेंशन का वितरण भी करता है।

## इस्तेमाल कैसे करें

- AePS का इस्तेमाल करने के लिए, सबसे पहले अपने बैंक खाते को आधार नंबर से लिंक करें। फिर, अपने बैंक से संपर्क करके बताएं कि आप AePS का इस्तेमाल करना चाहते हैं। भुगतानकर्ता या लाभार्थी के पास AePS होना जरूरी नहीं है।
- किसी भी AePS-सक्षम कियोस्क या माइक्रो एटीएम पर जाएं। अपना आधार कार्ड दर्ज करें। अपनी बायोमेट्रिक जानकारी (आमतौर पर फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन) प्रदान करें। लेनदेन का प्रकार चुनें (जैसे नकद निकासी, फंड ट्रांसफर)। जरूरी जानकारी दर्ज करें (जैसे राशि, प्राप्तकर्ता का अकाउंट नंबर)। लेनदेन की पुष्टि करें।

## क्या है के लाभ

- आधार कार्ड धारक अपने आधार-सक्षम बैंक खाते तक पहुंच सकते हैं।
- शेष राशि की जांच की जा सकती है।
- नकद निकासी की जा सकती है।
- पैसे ट्रांसफर किए जा सकते हैं।
- जमा किए जा सकते हैं।
- विदेश में पैसा भेजा जा सकता है।
- बैंक से जुड़े दूसरे काम किए जा सकते हैं।
- किसी भी बैंक के बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट के जरिए पीओएस (माइक्रो एटीएम) पर ऑनलाइन लेन-देन किए जा सकते हैं।
- कैशलेस भुगतान और पैसे के लेनदेन को बढ़ावा मिलता है।
- AePS भारत में वित्तीय दर को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह ग्रामीण और क्षेत्रीय क्षेत्रों के लोगों को बैंकिंग सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान कर रहा है और उन्हें बैंक शाखाओं पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद कर रहा है। इसके जरिए, आधार ऑथेंटिकेशन के जरिए पेमेंट किया जा सकता है।

## AePS के जरिए ये काम किए जा सकते हैं

नकद जमा, नकद निकासी, बैलेंस पूछताछ, मिनी स्टेटमेंट, आधार से आधार फंड ट्रांसफर।





# प्रोडक्ट डिफेक्टिव निकलने पर भी हो सकता है स्कैम इन बातों का रखें ध्यान

**ऑनलाइन शॉपिंग बढ़ने के साथ-साथ, खराब प्रोडक्ट या गलत प्रोडक्ट मिलने पर रिफंड या रिप्लेसमेंट के नाम पर स्कैम होने का खतरा भी बढ़ गया है। इन बातों का ध्यान रखें।**

अगर आप ऑनलाइन शॉपिंग के बाद डिलिवर हुए डिफेक्टिव प्रोडक्ट का कंपनी के कस्टमर केयर से कंप्लेंट कर के सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। या फिर सोशल मीडिया पर कंपनी को टैग कर के स्टोरी लगाते हैं, तो सावधान हो जाइए, आपके साथ स्कैम हो सकता है। असल में जब कोई कस्टमर सोशल मीडिया पर ऐसी कोई पोस्ट करता है तो स्कैमर्स सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर के आपके साथ धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग में तेजी से बढ़ोतरी के साथ, फ्रॉड के मामले भी बढ़ रहे हैं। प्रोडक्ट डिफेक्टिव यानी फॉल्टी प्रोडक्ट के रिफंड के नाम पर भी स्कैम हो रहे हैं, इसके लिए स्कैमर्स सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। ये स्कैमर्स, फेक ब्रांड कस्टमर बनकर लोगों से बात करते हैं। फिर, ग्राहक को प्रोडक्ट के रिफंड के नाम पर मैसेज पर लिंक भेजते हैं। इस लिंक में ग्राहक से बैंक डिटेल्स भरवाई जाती हैं और फिर अकाउंट खाली कर दिया जाता है।

**रिफंड और रिकवरी घोटालों से बचने के लिए, इन बातों का ध्यान रखें -**

गाइडलाइन के मुताबिक कभी भी बैंक ट्रांजेक्शन की डिटेल सोशल मीडिया पर नहीं डालनी चाहिए। इसके अलावा ब्रांड के ही कस्टमर केयर या हेल्पलाइन नंबर पर ही कंप्लेंट करें।

- अगर कंप्लेंट करने पर भी कार्रवाई न हो तो, कंज्यूमर फोरम में शिकायत करें।
- ऐसी किसी भी कार्रवाई के लिए मामले का निवारण न हो जाने तक कस्टमर और कंपनी के बीच बात रखें, गोपनीयता बनाए रखने से स्कैम होने का डर कम हो जाता है।
- अपनी खोई हुई रकम से ज्यादा रकम का रिफंड चेक न जमा करें।
- कुछ घोटालेबाज कहेंगे कि उन्होंने चेक भुनाने, बकाया राशि अपने पास रखने और बाकी रकम लौटाने में गड़बड़ी की है। इससे अक्सर घोटाला हो सकता है।
- किसी बैंक को यह पता लगाने में कई हफ्ते लग सकते हैं कि उसके द्वारा क्लीयर किया गया चेक नकली था।
- इस बीच, अगर आप घोटालेबाज को पैसे लौटाते हैं, तो बैंक आपसे वह पैसा चुकाना चाहेगा।

**इनकम टैक्स रिफंड के नाम पर भी स्कैम होते हैं। ऐसे में, इन बातों का ध्यान रखें**

- अनचाहे मैसेज
- अर्जेंट रिक्वेस्ट
- संदिग्ध लिंक
- निजी जानकारी के लिए रिक्वेस्ट
- सोर्स को वेरीफाई करें
- पर्सनल डिटेल्स साझा करने से बचें
- सेफ प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें

### ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित खरीदारी

- केवल पहचाने वेबसाइटों और विक्रेताओं से खरीदारी करें।
- खरीदने से पहले उत्पाद समीक्षाएं और रेटिंग जरूर पढ़ें।
- क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करते समय, इस बात का ध्यान रखें कि वेबसाइट HTTPS सुरक्षित है।
- अपनी निजी जानकारी शेयर करने में सावधानी बरतें, किसी भी विक्रेता के साथ अपनी बैंक अकाउंट जानकारी या अन्य जानकारी शेयर करने से पहले सावधान रहें।
- अगर कोई ऑफर या छूट बहुत अच्छी लगती है, तो कई बार यह सच नहीं होता है।
- अपने बैंक स्टेटमेंट और क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट को नियमित तौर पर जांचें और किसी भी अनऑथराइज्ड लेनदेन की रिपोर्ट करें।



# बच्चों का ब्रेन शार्प के लिए अभी से कराएं ये एक्टिविटी

## फ्यूचर संवारने में मिलेगी मदद

हर माता-पिता अपने बच्चे को पढ़ाई-लिखाई में होशियार होने के साथ-साथ उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। बच्चों को फ्यूचर के लिए हमेशा तैयार और ऊंचे पोजीशन पर देखने के लिए जरूरी है कि बचपन से ही उन्हें सही गाइडेंस मिले। सिर्फ खेल-कूद या फिजिकली ही नहीं बल्कि जीवन के हर पड़ाव पर आने वाली मुश्किलों से लड़ने के लिए भी बच्चों को मेंटली मजबूत होना चाहिए। इसके लिए बेहद जरूरी है कि पैरेंट्स टीनएज से ही अपने बच्चों में कुछ एक्टिविटीज की आदत डालें, जिससे वह अपने लक्ष्य पर बेहतर तरीके से फोकस करने में सक्षम हो सके। ऐसा करने से फ्यूचर में सफलता प्राप्त करने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। तो चलिए जानते हैं कि पैरेंट्स को बच्चों में वो कौन सी आदत डालनी चाहिए, ताकि उन्हें फ्यूचर के लिए तैयार होने में मदद मिल सके।

### रोजाना योग की आदत

बच्चों को रोजाना कुछ योगासन या मेडिटेशन आदि करवाते रहना चाहिए। इससे न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली स्ट्रॉन्ग होने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा उनमें बचपन से ही एरोबिक्स एक्टिविटी करने की आदत डलवाएं। यह बच्चे को लाइफटाइम के लिए हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है।

### ब्रेन एक्सरसाइज

बच्चों की मेमोरी शार्प करने के लिए जरूरी है कि आप उन्हें ब्रेन एक्सरसाइज करवाते रहें। इसके लिए मार्केट में मिलने वाले गेम जैसे प्रॉब्लम सॉल्विंग पजल, सुडोकु का इस्तेमाल करवाएं। इससे बच्चे में क्रिएटिविटी क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, आपका बच्चा मुसीबत आने पर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन भी आसानी से ढूंढ पाएगा।

### टीम वर्क की आदत

टीम वर्क में काम करना हर व्यक्ति को आना चाहिए। तभी जीवन में सफलता मिलती है। सिर्फ खुद से मतलब रखने वालों को कभी भी सोशल बिहेवियर के बारे में समझ नहीं आता है। इसलिए जरूरी है कि बचपन से ही बच्चों में टीम वर्क की आदत डाल देनी चाहिए।

### बच्चों में स्किल भी है जरूरी

आज की तारीख में स्किल की बहुत डिमांड है। सिर्फ किताबी कीड़ा होने से अब जीवन में आगे बढ़ पाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में जरूरी है कि बच्चों के इंटरेस्ट के अनुसार, उन्हें कोई न कोई स्किल जरूर होनी चाहिए। फिर चाहे वह कुकिंग की स्किल हो या फिर म्यूजिक या डांसिंग की। बच्चे में कोई न कोई स्किल की आदत जरूर होनी चाहिए।

